happy Independence Day 15 August
7 से 21 अगस्त, 2023
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
टेक्सटाइल वर्ल्ड 25 Years SILVER JUBILEE CELEBRATION

# PRESENTS

# INDIA'S NO.1

## ETHNIC SAREE BRAND

julahaa..®

SAREES & STYLE

**At The Biggest Gathering Of Ethnic Fashion Traders**

August 21st - 22nd, 2023 Noida, Delhi Expo

#ComingSoon #DelhiExpo2023 #SuratDreams

Scan Here For 'India's No.1 Ethnic Saree Brand' Claim Details

# A MAGICAL RIDE

The **Magic** Will Begin Here!!

Yahan Apko Dikhegi **“The Complete Family”**

Yahan Apko Dikhega **“India Ka Apna Tradition”**

Yahan Apki **“Nazrein Tham Jayengi”**

Yahan Aap **“Bindaas Kharidengey”**

Ye Dekh Ke Aap Mehsus Karenge **“Simply Sundar”**

Yahan Apko Milega **“Gift, Dil Se”**

Yahan Apko Milegi **“Chamak Khushiyon Wali”**

Yahan Aap **“Obsessed”** Hojaenge

## A Sneak Peek Into Something Incredible!

21st & 22nd August 2023

#ComingSoon #DelhiExpo2023 #SuratDreams




पाक्षिक

# टेक्सटाईल वर्ल्ड


15 happy independence day

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 09-08-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-26 | अंक-04 | भीलवाड़ा/ 07 अगस्त, 2023 | कुल पृष्ठ- 32 | मूल्य : 25 रुपए


















# कॉटन यार्न के भाव तो बढ़े लेकिन यार्न की मांग वहीं की वहीं

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कॉटन यार्न का बाजार तेज है, लेकिन यार्न की मांग अधिक नहीं है। कारण कि विभिन्न कपड़ा उत्पादन केंद्रों पर कपड़ों का उत्पादन अभी भी कम हो रहा है। यद्यपि कॉटन यार्न में प्रति किलो करीब 10 रू. की तेजी, मांग एवं आपूर्ति के बीच असंतुलन होने की धारणा से आई है। साउथ की करीब अधिकतर स्पिनिंग इकाइयों ने 15 जुलाई से कॉटन यार्न का उत्पादन करना बंद कर दिया है, इसके कारण कॉटन यार्न के भाव टाइट हो गए हैं। बाजार सूत्रों का ऐसा कहना है कि कॉटन यार्न बनाने वाली मिलों के पास पुराने कच्चे माल से तैयार कॉटन यार्न का भरपूर स्टॉक है और मिलें कम भाव पर इस कॉटन यार्न को नहीं बेचना चाहती है, कारण कि उनकी उत्पादन लागत अधिक है। इसी तरह सिंथेटिक यार्न में भी करीब दो रू. की तेजी है, इसके लिए क्रूड तेल का भाव जिम्मेदार माना जा रहा है। हकीकत यह है कि न तो कॉटन यार्न और न ही सिंथेटिक यार्न की मांग कोई बड़ा उछाल आया है, जहां यह




बढ़ा भाव बाजार आसानी से हजम कर सकें क्योंकि भिवंडी, इलचकरंजी और मालेगांव जैसे यार्न की अधिक खपत वाले केंद्रों पर कपड़ों का उत्पादन पहले से भी कम हो गया है, ऐसे में जब बाजार में घटे भाव पर ग्रे कपड़ों के लेवाल कम थे, तब कॉटन यार्न के भाव बढ़ने से ग्रे कपड़ों के भाव में प्रति मीटर 50 पैसे का उछाल आ चुका है। यदि यार्न का भाव इसी भाव पर स्थिर हो जाता है, तो यह स्थिति वीवर्स और कॉटन यार्न बनाती मिलों के लिए फायदेमंद होगी।


पिछले कई महीनों से साउथ की स्पिनिंग मिलों को नुकसान सहन करना पड़ रहा था। रूई का भाव भी अधिक था, साथ ही स्थानीय के साथ निर्यात मांग कमजोर होने से मिलों को प्रति किलो 40 रू. तक नुकसान हो रहा था। 10000 स्पिंडल वाली मिल में दैनिक 2500 किलो यार्न का उत्पादन किया जाए तो मिलों का नुकसान लाखों में पहुंचता है। मिलें ऐसी स्थिति में यार्न का उत्पादन जारी नहीं रख सकती है, इसलिए उत्पादन रोका गया है। लेकिन अब रूई का भाव घटकर प्रति खंडी का 56000 से 57000 रू. के बीच हो गया है और 40 काउंट यार्न का भाव 235 रू. तक है। निर्यात में न तो कारोबार बहुत अच्छा है और न ही देश में कॉटन यार्न की मांग ही तेजी से बढ़ रही है।



























# अच्छी मांग निकलने से स्कूल ड्रेस कारोबारी उत्साहित

**सीकर/ राजकुमार शर्मा**

शेखावाटी के सीकर, चुरू, झुंझुनू जिलों में स्कूल ड्रेस की अच्छी मांग निकलने से कारोबारी उत्साहित हैं लेकिन भाव वृद्धि होने से परेशानी बनी हुई है। इस साल स्कूली ड्रेस में लगने वाले कपड़े के दाम बढ़े बताये जा रहे हैं। जिस कारण से कारोबारियों की पूंजी लागत बढ़ गई है।

शेखावाटी में स्कूली शिक्षा का हब होने से पूरे राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेश के भी छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने के लिए आते हैं। स्कूल खुलने के साथ ही अप्रैल में ही स्कूल ड्रेस की मांग चल रही है। जो 15 अगस्त तक बराबरी से बनी रहेगी। इसके बाद सर्दी की ड्रेस की मांग बन जायेगी। जिसमें स्वेटर, जर्सी, ब्लेजर, फुल साइज शर्ट, पेंट, जैकेट आदि रहेंगे।

शेखावाटी में सूटिंग का कपड़ा भीलवाड़ा, व्हाइट शर्ट का कपड़ा अहमदाबाद और चैक शर्ट का कपड़ा भिवंडी मुंबई से आता है।

सीकर शहर में सैकड़ों कपड़ों की दुकानें है, जहां से स्कूल ड्रेस का कपड़ा आसानी से मिल जाता है। जबकि रेडीमेड स्कूल ड्रेस की दुकानें दस के करीब हैं। सबसे ज्यादा दुकानें शहर के मध्य जाट बाजार, तबेला गेट, कोतवाली रोड पर है। जबकि सबसे पुरानी दुकान 'एसके ड्रेसेज' कोतवाली रोड पर स्थित है।


व्यापारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि कोरोना काल में डूबा स्कूल ड्रेस कारोबार पिछले साल से अब पूरे चढ़ाव पर है। अब इस साल का कारोबार पन्द्रह अगस्त तक पूरे बूम पर रहेगा।

व्यापारी सीताराम चहल ने बताया कि महंगाई बढ़ने से दाम बढ़े हैं, जिससे अभिभावक छूट की मांग कर रहे हैं या मोलभाव करने लग जाते हैं। इससे रिटेल मार्जिन में कमी आई है।

व्यापारी मुकेश ने बताया कि ड्रेस के कपड़े से ज्यादा सिलाई मार गई। शहर में अभी स्कूल ड्रेस की सिलाई करीब 600 से 700 रूपये चल रही है। हमारे मार्जिन से सिलाई करने वाले मार्जिन ले रहे है।

व्यापारियों की माने तो स्कूल ड्रेस का कारोबार तो चला है लेकिन महंगाई अधिक है। भाव बढ़ने से लागत भी बढ़ती जा रही है, जिससे रिटेल मार्जिन कम हो रहा है।

कुछ निजी स्कूल वाले अपनी दुकान चलाने के लिए मनमर्जी का कपड़ा स्कूल ड्रेस मे लगा देते हैं जो कही नहीं मिलता है। जिससे अभिभावकों को मजबूरी में स्कूल स्टोर से महंगी ड्रेस खरीदनी पड़ रही है। व्यापारियों ने अपने मन की बात करते हुए कहा कि निजी स्कूल वालों ने खुद अपने पुस्तकों के साथ स्कूल ड्रेस के स्टोर खोल रखे हैं। जो अपने मनमर्जी के भावों से बेच रहे है। यहां खुले बाजार में प्रतिस्पर्धा के कारण मार्जिन कम होता जा रहा है।







# बांग्लादेश से भारत को गारमेण्ट निर्यात में भारी वृद्धि


**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**


हाल के कुछ वर्षों में बांग्लादेश से भारत को गारमेण्ट निर्यात में तेजी से बढ़ोतरी हुई है लेकिन हाल ही समाप्त हुए वहां के वित्त वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में निर्यात में 42 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है और 1,000 मिलियन डॉलर का स्तर पार कर गया है। देश के गारमेण्ट उद्योग का कहना है कि बांग्लादेश से बढ़ता आयात चिंता का विषय है क्योंकि आयात सस्ता होने के कारण भारतीय गारमेण्ट की मांग प्रभावित हो रही है। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष में बांग्लादेश ने भारत को 1,012 मिलियन डॉलर मूल्य की गारमेण्ट का निर्यात किया जबकि इससे पूर्व वर्ष में निर्यात केवल 715 मिलियन डॉलर का किया गया था। इस प्रकार निर्यात में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वास्तव में गत तीन वर्षों के दौरान वहां से भारत को गारमेण्ट निर्यात लगभग ढ़ाई गुना बढ़ चुका है। बांग्लादेशी वित्त वर्ष 2020-21 में भारत को गारमेण्ट का निर्यात केवल 421 मिलियन डॉलर का ही हुआ था। 10 मिलियन डॉलर से- उल्लेखनीय है कि लगभग 14 वर्ष पूर्व बांग्लादेश से भारत का गारमेण्ट निर्यात लगभग केवल 10 मिलियन डॉलर का ही होता था लेकिन उसके बाद बढ़ोतरी होती गई तथा वित्त वर्ष 2014-15 में यह बढ़कर 100 मिलियन डॉलर का स्तर पार कर गया था और उसके बाद लगातार भारी वृद्धि हो रही है और इसका कारण दक्षिणी एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र यानि साफ्टा के तहत ड्यूटी शून्य होना है। बांग्लादेश निटवीयर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रेसीडेंट श्री हक का कहना है कि पहले बांग्लादेश के गारमेण्ट की क्वालिटी को लेकर भारतीय उपभोक्ताओं के मन में कुछ शंकाएँ थी लेकिन अब उन्हें दूर कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि इन शंकाओं के दूर होने के बाद आगामी वर्षों में भारत को निर्यात में और वृद्धि होने की संभावना है। जानकारों का कहना है कि भारत में मीडियम क्लास की संख्या में लगातार बढ़ोहरी हो रही है तथा बांग्लादेश के परिधान उनमें लोकप्रिय हो रहे हैं, मांग बढ़ रही है।

**अन्य देशों को भी बढ़ा निर्यात-** भारत ही नहीं, बांग्लादेश से अन्य अनेक देशों को भी रेडीमेड गारमेण्ट के निर्यात में भारी वृद्धि हो रही है। आस्ट्रेलिया को निर्यात बढ़कर 1,157 मिलियन डॉलर हो गया है जबकि 2021-22 में निर्यात केवल 812 मिलियन डॉलर का ही हुआ था और 2020-21 में केवल 731 मिलियन डॉलर ही था। इसी प्रकार जापान को भी निर्यात बढ़कर 1,599 मिलियन डॉलर का हो गया जबकि 2021-22 में 1,098 मिलियन डॉलर था। साउथ कोरिया को निर्यात लगभग 100 मिलियन डॉलर बढ़कर 538 मिलियन डॉलर का हो गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बांग्लादेश से 2022-23 के दौरान गैर-परम्परागत देशों को निर्यात 31 प्रतिशत उछल कर 8.37 बिलियन डॉलर का हो गया है। जहां गैर परम्परागत देशों को निर्यात में बढ़ोतरी हुई, वहीं परम्परागत देशों (यूरोपीय समुदाय, अमेरिका, यूके आदि) को गारमेण्ट निर्यात में कमी आई। यही नहीं, कुल गारमेण्ट निर्यात में गैर-परम्परागत देशों के निर्यात का शेयर भी 18 प्रतिशत हो गया। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश से गारमेण्ट का निर्यात गत वर्ष लगभग 47 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। बांग्लादेश के कुल निर्यात में सबसे अधिक योगदान केवल गारमेण्ट उद्योग का ही है।

**घरेलू उद्योग परेशान-** घरेलू गारमेण्ट निर्माताओं का कहना है कि बांग्लादेश से साफ्टा के तहत गारमेण्ट का बढ़ता आयात चिंता का विषय है क्योंकि इससे उनकी मांग प्रभावित हो रही है। जानकारों का कहना है कि बांग्लादेश में उत्पादन लागत भारत की तुलना में कम होने से उनकी मांग भारतीय बाजार में लगातार बढ़ रही है हालांकि कच्चे माल के लिए बांग्लादेश भारत और अन्य देशों पर निर्भर है लेकिन वहां की सरकार द्वारा इंसेंटिव आदि दिए जाने और मजदूरी कम होने के कारण कुल मिलाकर उत्पादन लागत कम आती है।

















# यूनिफॉर्म एवं फैन्सी सूटिंग में निरन्तर बढ़ते कदम देवीलाल सूटिंग





**भीलवाड़ा/** फैंसी सूटिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक में निरंतर डवलपमेंट पेश करते हुए देवीलाल सूटिंग निरंतर आगे बढ़ती जा रही है। फर्म के मालिक श्री अशोक मण्डोवरा ने बताया कि हम हर सीजन के हिसाब से निरंतर नया डेवलपमेंट पेश करते हैं। जिसमें यूनिफॉर्म फैब्रिक के अंतर्गत 2/30 3 2/30, फाइबर डाइड, ट्रोविन, ताशा, 2/30315s, पीवी ट्रोविन की क्वालिटी में निरंतर डिमांड बढ़ती जा रही है। इसके अलावा फैंसी सूटिंग में अनेक क्वालिटियों में उत्पादन किया जा रहा है।

श्री मण्डोवरा ने बताया कि हमारे द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म में एपीसी कटिंग पर भी बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है। इसके अलावा फैन्सी सूटिंग गारमेंट सेक्टर के लिए लाइक्रा, लिनन, कॉटन, पीवी, पीसी आदि क्वालिटियों को सप्लाई किया जाता है। हम हमेशा क्वालिटी व फैब्रिक का उत्पादन करने में अग्रणी हैं। सदैव मार्केट ट्रेन्ड के अनुसार फैब्रिक का उत्पादन करते हैं।

### शर्टिंग उत्पादन एवं सप्लाई में बेहतर क्रिएशन

# फैन्सी एवं प्योर लिनन शर्टिंग में कई क्वालिटियाँ उपलब्ध

## दीप हरिचरण टेक्सटाइल्स

DEEPHARI SHIRTINGS & SUITINGS

**सिकन्दराबाद**

स्थानीय कपड़ा मण्डी में अनुभवी उद्यमी श्री दीप चरण अग्रवाल पिछले 26 वर्षों से कपड़ा व्यापार में कार्यरत हैं। इसी दौरान पिछले कुछ वर्षों से भिवण्डी में शर्टिंग उत्पादन में कार्य शुरू किया जिसमें अच्छी सफलता हासिल की है।

**शर्टिंग उत्पाद-** इनके अपने ब्राण्ड दीप हरि के अन्तर्गत शर्टिंग का उत्पादन जिसमें 58'' एवं 36'' पने में फैंसी शर्टिंग का निर्माण कर रहे हैं और बाजार की डिमाण्ड एवं चलन के अनुसार फैन्सी एवं प्योर लिनन में काफी वैरायटियों का संग्रह है। इन्होंने बताया कि गिफ्ट पैकिंग एवं मिक्स मैच के लिये शर्टिंग की सैकड़ों कलर रेंज में माल 12 महिने उपलब्ध रहता है।

**सेल्स एवं विपणन-** इनका नेटवर्क वैसे तो सम्पूर्ण तेलगांना, आंध्रा एवं महाराष्ट्र में बेहतर है, लेकिन आज अन्य राज्यों की वस्त्र मण्डियों के लिये भी एजेण्ट्स को आमंत्रित कर रहे हैं।

**भिवंडी ब्रान्च-** शर्टिंग उत्पादन के लिये भिवंडी में इनका पूरा सेटअप है, जहां से शर्टिंग सेक्टर की काफी रेंजो में उत्पादन किया जा रहा है।

**For Trade Inquiries: 93910-67450 | 91542-67450**

### जीएसटी का नया प्रावधान

# अग्रवाल मारवाड़ी चैंबर का विरोध

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

जीएसटी कानून के नए प्रावधान के अनुसार मनी लाँडरिंग यानी सख्त वसूली संचालन की (ईडी) कार्रवाई हो सकती है। यह प्रावधान रद्द करने की मांग अग्रवाल मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड एज्युकेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व श्री राजेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, कमलराज बन्सल, राकेश आचार्य, प्रदीप अग्रवाल ने एक ज्ञापन के जरिए की है।

इसके बारे में अग्रवाल मारवाड़ी चेंबर ने केंद्रीय अर्थमंत्री निर्मला सीतारमन के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री के साथ अर्थमंत्री अजीत पवार को खत दिया है।

इसके बारे में चैंबर के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी कानून का उल्लंघन हुआ तो कर चुकाने के कारण मनी लाँडरिंग की कार्रवाई हो सकती है। जो व्यापारी जीएसटी कर का नियमित भुगतान करते हैं, यह उन पर अन्याय होगा। जीएसटी दिनोंदिन बढ़ रहा है। इसके बाद भी कानून नियमित करना गलत है। कानून के अधिकारी इसका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। एक छोटी गलती का प्रामाणिक व्यापारियों को नुकसान हो सकता है। यह नया प्रावधान व्यापारियों पर अन्याय करने वाला है। इसलिए इसको हटाया जाए ऐसा भी श्री राजेश अग्रवाल ने कहा है।

21st Century TOPMAN®
PREMIUM SUITING
Link Between Aim & Ambition
TOPMAN FASHION PVT. LTD.
Mills : G-214-215, RIICO IVth Phase, Bhilwara (Raj.) Ph. 260232, 260233
Mob: 94141-13190, 80055-19434, E-mail : topmansuitings@gmail.com

## स्कूल ड्रेस की मांग बरकार

**ब्यावर/ अनिल डोसी...** ब्यावर मार्केट में ग्राहकी धीमी गति से चल रही है, जरूरत के मुताबिक माल की बिक्री है। आगे धार्मिक चातुर्मास का सीजन चल रहा है। धर्म-ध्यान में लगे हुए हैं। स्कूल ड्रेस की ग्राहकी 15 अगस्त तक चलेगी। रेमंड कॉटन व सूटिंग मेटी में 2/18 क्वालिटी चल रही है। ड्रेस मटीरियल, राजपूती ड्रेसेस, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट आदि क्वालिटियाँ चल रही है। वर्षा का मौसम जारी है।

# डी.के. एक्सपोर्ट द्वारा डेनिम जींस, टीशर्ट व ट्रैक पेंट का भव्य डिस्प्ले




## मुम्बई जिओ गार्डन में रेंज देख व्यापारी हुए मंत्रमुग्ध

**भीलवाड़ा/** डेनिम जींस, कैजुअल शर्ट, बरमुडा, टी शर्ट, पैंट के निर्माता के रूप में प्रख्यात डीके एक्सपोर्ट द्वारा मुंबई जिओ गार्डन में 18 से 21 जुलाई 2023 को आयोजित फेयर में अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया। इस भव्य डिस्प्ले में कंपनी द्वारा अपने ब्रांड Urban Due & Zivero के उत्पादों को देखकर बाहर से आए व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गए।

कंपनी के डायरेक्टर श्री नरेश लालवानी ने बताया कि हमारे पास हमेशा इन गारमेंट उत्पादों का रेडी स्टॉक रहता है। हमारे उत्पाद आज भारत की मण्डियों सहित एक्सपोर्ट के रूप में यूएई, बहरीन, कतर, स्पेन आदि के रेडीमेड गारमेंट आउटलेट में बड़े पैमाने पर सप्लाई किए जा रहे हैं। इस फैयर के दौरान हमारे स्टॉल पर अधिक से अधिक व्यापारियों ने विजिट किया और हमारे उत्पादों की जमकर प्रशंसा की।

D.K EXPORTS | URBAN DUO | ZIVERO
Available at all the Leadindg retail outlets and Mumbai shops all India and across the contry. For trade/corporate enquiries, contact:022-40131255
For franchise enques, contact: 08433669940. Email:dk.exports12@gmail.com www.urbanduojeans.com Follow us on:
AJANTA HOUSE GROUND FLR. MAROL CO-OP,INDL ESTATE, M.V ROAD, MAROL ANDHERI (EAST) MUMBAI 400059

# श्रमिकों की कमी के कारण उत्पादक परेशान


**बालोतरा/ एल सी पुनीत**



मौसम के साथ उत्पादन के संदर्भ में बाजार अभी तक नकारात्मक ही बना हुआ है। पोपलीन की मांग निश्चित रूप से बनी हुई है। इसके साथ अंदर स्कर्ट (पेटिकोट) की डिमांड भी है। नाइटी और पॉकेटिंग क्लॉथ के कार्य में कुछ विशेष शिथिलता का अहसास परिलक्षित हो रहा है। ग्रे क्लॉथ में कुछ तेजी का रुख है, इस कारण कुछ जागरूक व्यापारी माल लेने में दिलचस्पी ले रहे हैं। वैसे तैयार माल की अभी जो स्थिति है, उस पर ग्रे क्लॉथ के भावों का असर नहीं है। इतना होने पर भी निष्कर्ष रूप में औद्योगिक क्षेत्र में विरानी का ही साम्राज्य है। रकम की आवक आंशिक बनी रहने से भी कई दिक्कतें उभर रही है। इतना होने के उपरांत भी उद्यमियों को आशा है कि कुछ समय बाद सीजन का दौर चलेगा। फिलहाल जब तक आकाश साफ नहीं हो पाता, तब तक नियमित उत्पादन को गति मिलना संभव नहीं लगता। सामान्य कामकाज में श्रमिकों की कमी के कारण हर स्टेज पर उत्पादकों को परेशानियों से रूबरू होना पड़ता है। दिसावरी मंडियों के व्यापारियों का कहना है कि यह समय माल को लेने के लिए उपयुक्त होते हुए भी बाजार में ग्रे भाव को स्थिरता के अभाव में चलते हुए भी विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। परिणामतः आंशिक माल ही मंगाना पड़ रहा है। इसमें भी माल की विलंब से ही चालानी हो पा रही है। उसमें भी पूरी रंगाबेजी नहीं मिल पा रही है। जिन उत्पादकों ने विकल्प रूप में अन्य उत्पादनों को अख्तियार कर उत्पादन किया, उनका कार्य व्यवस्थित बताया जा रहा है।


पंचभद्रा क्षेत्र में लगी रिफायनरी के कारण बड़े उद्योगों के लगने की संभावनाएँ बहुत बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र में कई औद्योगिक प्रतिष्ठानों में औद्योगिक भूखंड खरीद किये हैं। एक तरफ बालोतरा जिला बन गया है और निकट भविष्य में सारे कार्य जिला रूप में यहीं से संपादित होने हैं। अब तक बालोतरा-जसोल के कई व्यापी ख्याति प्राप्त उत्पादनों को सरकारी तौर पर विज्ञापित होने का मौका नहीं मिला, मगर अब जिला बनने से यहां के उत्पादों को नई पहचान मिलने की संभावनाएँ बढ़ जाएगी। स्मरण रहे प्रारंभिक अवस्था में जब स्थानीय वस्त्र रंगाई-छपाई उद्योग शैशव अवस्था में था, और यह क्षेत्र पिछड़ा ही नहीं, अति पिछड़ा क्षेत्र गिना जाता था। विकासोन्मुख औद्योगिक परिवेश ने इस क्षेत्र को समृद्धि की दहलीज पर पहुंचाया और खुशहाली के बाजार से नई रौनक स्थापित की।

श्रावण मास के कारण धार्मिक अनुष्ठानों की भरमार है। तप, पूजा, अर्चना के दृश्य सर्वत्र विद्यमान नजर आ रहे हैं। सेवा कार्यों में उद्यमियों की सहभागिता भी स्पष्ट नजर आ रही है। सांस्कृतिक संस्कारों के अनुरूप ख्याति प्राप्त गीतकार मोहम्मद रफी की स्मृति के रूप में पुण्यतिथि के संदर्भ में रोटरी क्लब बालोतरा ने संगीत संध्या का आयोजन कर सरसपूर्ण वातावरण बनाया। राजस्थानी भाषा की मान्यता को लेकर प्रयास तो कई हुए परंतु वो सम्मान समृद्ध भाषा होने के उपरांत भी नहीं मिला। इसका असंतोष उद्यमी नागरिक व साहित्यिक संस्थानों में विशेष रूप से है।









# गारमेण्ट कपड़ों की मांग निकलते ही बदल जाएगी बाजार की मनोदशा और बढ़ेगा कपड़ों का उत्पादन

**मुंबई/ रमाशंकर पांडेय...** ग्राहकी के अभाव में कपड़ा बाजार में मंदी छाई हुई है। कपड़ों में धंधा आधे से अधिक घट गया है। नई सीजन 15 अगस्त से शुरू होने जा रही है, उससे पहले व्यापारियों की कोशिश है कि कपड़ों का पुराना स्टॉक हल्का किया जाए। भाव में कटौती से परेशानी का सबब बन गया है। मंदी इतनी गहरी है कि अधिकतर व्यापारियों का ध्यान सिर्फ इस बात पर है कि रोटेशन में कोई गड़बड़ी नहीं हो, भले ही कमाई कम हो। कॉटन यार्न में उछाल नहीं है। रूई और कॉटन यार्न के भाव निचले स्तर पर रहने की संभावना है, यद्यपि साउथ की मिलों में कॉटन यार्न का उत्पादन बंद किये जाने के बाद बाजार में मांग तथा आपूर्ति के बीच असंतुलन बढ़ जाने से कॉटन यार्न के भाव बढ़े हैं। नई सीजन के लिए तैयार हो रहे कपड़ों के भाव कम होने की बढ़ी संभावना के बीच अभी नये सौदे कम हो रहे हैं। सिर्फ जरूरी सौदे होने की जानकारी है। लेकिन जैसे ही कॉटन यार्न टाइट हो रहा है और आगे की सीजन की पुरजोर तैयारी चल रही है, उससे लगता है कि ग्रे सूती कपड़ों का उठाव जो अभी कमजोर है, उसमें बहुत जल्द सुधार होगा। अगसत महीने से कपड़ों का उत्पादन बढ़ने के पूरे आसार दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि बीच की अवधि में जब कॉटन यार्न टूट रहा था, तब वीवर्स कॉटन ग्रे कपड़ों का भाव घटाकर बोल रहे थे, लेकिन अब भाव में स्थिरता नजर आ रही है, तथापि इस भाव पर भी ग्रे कपड़ों में कारोबार कम हो रहा है, अतः भाव में कटौती हो सकती है। भले ही अधिक मास होने के कारण इस बार त्योहारी सीजन की ग्राहकी देर से निकलेगी। आमतौर पर कपड़ा बाजार में मंदी का यह चक्र पिछले दो महीने से चल रहा है। कारण यह रहा है कि रिटेल काउंटरों पर कपड़ों की मांग कम थी, तो दूसरी ओर गारमेण्ट इकाइयों की कपड़ों की मांग घट गई थी। इसके चलते मिलों के साथ पावरलूम वीवर्स भी कपड़ों का उत्पादन बढ़ाने के बदले घटा रहे थे। परंतु अब स्थिति बदल रही है। कॉटन यार्न और सिंथेटिक यार्न बढ़े हैं। देखा गया है कि जब यार्न टाइट होता है तब कपड़ों में कारोबार सुधरा है और जैसे यार्न नरम होने लगता है कपड़ों में कारोबार भी घटना शुरू हो जाता है। यह समीकरण पिछले कई वर्षो से बाजार में चलायमान रहा है। कपड़ा बाजार में गारमेण्ट कपड़ों की मांग निकलने की संभावना बढ़ी है। जैसे ही कपड़ों की मांग बाजार में निकलनी शुरू होती है, सेंटीमेंट बदलने में देर नहीं लगेगी। कारण कि गारमेण्ट उत्पादकों ने देशभर में आगामी सीजन को ध्यान में रखकर बड़े पैमाने पर सेम्पलिंग की है। इसके अलावा कई प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, अनेक ब्रांडों ने नई डिजाइनों की व्यापक तैयारी कर उसे प्रदर्शित किया, जिसमें अच्छी बुकिंग मिलने की उम्मीद की जा रही है। ऐसे में ऐसी संभावना है कि गारमेण्ट उत्पादकों के ऑर्डर से कपड़ों का उत्पादन बढ़ेगा, इसलिए अधिकतर व्यापारियों का कहना है कि न सिर्फ ग्रे कपड़ों का उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि अगस्त से फिनिश कपड़ों की मांग बाजार में निकलनी तय है। इस बीच 31 जुलाई से 1 अगस्त तक दी फैब्रिक्स सप्लायर्स एसोसिएशन ने गारमेण्ट के लिए बी टू बी फेयर का आयोजन किया। यह ऑटम-विंटर कलेक्शन फेयर है। इसमें गारमेण्ट के लिए एक से बढ़कर एक नये कलेक्शन प्रदर्शित किए गए। जिनमें जेंट्स वीयर, लेडीज वीयर, चिल्ड्रन वीयर, नीट वीयर, पार्टी वीयर और एथनिक वीयर कपड़ों के अलावा सूटिंग, शर्टिंग, डेनिम इत्यादि की रेंज रही। इतना ही नहीं आगे की सीजन को ध्यान में रखते हुए सूती कपड़ा, पोलिएस्टर कपड़ा, विस्कोस, नायलॉन, ब्लेण्डेड कपड़ा और फैंसी कपड़ों की व्यापक रेंज और डिजिटल प्रिंट की व्यापक रेंज शामिल की गई। कपड़ा उत्पादक प्लेन कपड़ों का उत्पादन पहले से ही कर रहे थे, अब आगे फैंसी कपड़ों का उत्पादन बढ़ेगा। उत्पादन स्तर पर फैंसी कपड़ों का उत्पादन कई महीने से कम है। एक तो इस बार वैवाहिक सीजन में फैंसी कपड़ों की बिक्री जैसी होनी चाहिए, वैसी नहीं हुई। कुछ ब्रांडेड मिलों के कपड़ों में कारोबार अच्छा रहा और उनकी पोजिशन सुधरकर कोरोना के पहले की जगह पहुंच गई है, लेकिन अधिकतर कपड़ा उत्पादकों की स्थिति में अपेक्षित सुधार इस बिक्री सीजन में नहीं होने के कारण इस खंड में कारोबार धीमा ही रहा है। इसलिए प्लेन कपड़ों के उत्पादन और बिक्री पर मंदी का कोई गंभीर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा है और उत्पादन लगातार होता रहा है। लेकिन फैंसी वैराइटी कपड़ों के उत्पादन और बिक्री पर जरूर इस मंदी का असर है, परंतु अब मौसम त्योहारी होने से मांग बढ़ने का अनुमान है। बाजार में तैयार कपड़ों के साथ ग्रे कपड़ों का स्टॉक बढ़ा है। कपड़ा उत्पादन केंद्रो पर स्टॉक बढ़ा है। बढ़ते स्टॉक एवं कमजोर कामकाज के कारण इचलकरंजी में उत्पादन 15 प्रतिशत तक घटाया गया तो भिवंडी में 40 प्रतिशत लूमों पर कई महीनों से कपड़ों का उत्पादन बंद है। मालेगांव में उत्पादन सप्ताह में डेढ़ दिन कम किया गया है। साउथ में पहले आठ घंटे की तीन शिफ्ट में उत्पादन किया जाता था, जो अब एक शिफ्ट में हो रहा है। सूती कपड़ा हो अथवा सिंथेटिक कपड़ा, सभी की मांग घटी है। फिनिश कपड़ों का उठाव धीमा है। कपड़ों में निर्यात सपोर्ट कमजोर है। मानसून तथा ऑफ सीजन ने भी कपड़ों की मांग कमजोर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बाजार नीरस हो गया है।

बाजार में सूटिंग, शर्टिंग, साड़ी, ड्रेस मटीरियल सहित ब्लाउज मटीरियल और ग्रे कपड़ों में कारोबार सुस्त है। मांग का अभाव है। व्यापारियों में कारोबार को लेकर उत्साह तो है, लेकिन कॉटन यार्न के भाव बढ़ने शुरू हो जाने से फिर से उहापोह की स्थिति नजर आ रही है। साउथ की स्पिनिंग मिलों द्वारा कॉटन यार्न का उत्पादन रोक देने के बाद मांग एवं आपूर्ति के बीच बने असंतुलन के कारण कॉटन यार्न का भाव जैसे ही आठ से दस रू. प्रति किलो तक तेज हो गया वैसे ही जिस ग्रे कपड़ा में कम भाव पर भी कोई लेवाल नहीं था, उसके भाव बढ़ने शुरू हो गए हैं। परंतु ग्राहकी में दम नहीं है। ब्लाउज मटीरियल का बाजार अभी बहुत ठंडा है और इसकी ग्राहकी निकलने में समय होने से कोई हलचल नहीं है।






# ब्रिटिश ब्राण्ड JOHN CAVENDISH को यश कॉटन की कॉन्फ्रेंस में जबरदस्त रिस्पॉन्स

JOHN CAVENDISH
Bespoke English Fabrics

शत् प्रतिशत वूल एवं वूल मिश्रित लग्जरी फैब्रिक के लिए प्रख्यात

मुंबई

50 वर्षों से अधिक समय से टेक्सटाइल व्यवसाय में भारत की प्रमुख कपड़ा कंपनियों में शुमार यश कॉटन कॉरपोरेशन अपने ग्राहकों को अपने ब्राण्डस् के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ फैशन फैब्रिक उपलब्ध कराने में अग्रणी पायदान पर रहा है। कंपनी के आज अनेक लग्जरी ब्राण्ड जैसे Nemesis, Spaadaa, Godstra, Yash Fab भारतीय फैशन बाजार के शीर्ष पर स्थित हैं और आज लग्जरी फैशन की दुनिया में एक नया बेंचमार्क बनने के कगार पर है।

कम्पनी हाल ही में अपनी आक्रामक कॉन्फ्रेंसों का आयोजन जगह-जगह कर रही है जहाँ कम्पनी के सभी उत्पादों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। हाल ही में John Cavendish ने यश कॉटन कॉरपोरेशन से मार्केटिंग व विपणन का अनुबंध किया है, जो भारत सहित अन्य देशों में प्रभावी है। श्री हरेश मेहता, श्री कमलेश मेहता और श्री अंकुर मेहता के सानिध्य में यश कॉटन कॉरपोरेशन देश को सर्वश्रेष्ठ उत्पाद प्रदान कर रही है। John Cavendish की बुकिंग अगस्त से शुरू हो गई है, जो देश के टॉप रिटेल स्टोर्स पर सितंबर से उपलब्ध होना आरंभ हो जाएगी। यश कॉटन द्वारा आयोजित अपनी सभी कॉन्फ्रेंसों में John Cavendish के उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया, जिसे देखकर व्यापारी काफी उत्साहित नजर आए। व्यापारियों ने इस ब्राण्ड की रेंज में फील फिनिश की काफी सराहना की।

यश कॉटन कॉरपोरेशन के युवा डायरेक्टर श्री अंकुर मेहता की टीम अपनी कसोटी पर खरा उतरकर John Cavendish ब्राण्ड को श्रेष्ठ बनाने की और अग्रसर है। खासतौर पर इस ब्राण्ड के उत्पाद उत्तम किस्म के वूल एवं वूल मिश्रित उत्पाद विशिष्टता लिए हुए है और बहुत ही आरामदायक हैं। John Cavendish सूटिंग फैब्रिक पूरे विश्व में उपलब्ध है। John Cavendish की डिजाइन टीम ट्रेण्ड के अनुरूप डिजाइन का उत्पादन करती है। इसकी हर डिजाइन व कलर की सभी रिटेलर्स द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

# आगामी 15 अगस्त के बाद ग्राहकी चलने की उम्मीद

रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा

बाजार में ग्राहकी नहीं है। 15 अगस्त के बाद चलने की उम्मीद है क्योंकि ग्राहकी कमजोर होने से पेमेंट और भी कमजोर है। अभी राधा एंड कंपनी के श्री अग्रवाल जी का कहना है कि वर्षा ज्यादा होने से राशि अधिक कमजोर है। हरियाणा में फैसले आने पर ग्राहकी चलेगी, क्योंकि रेडीमेड में स्कूलों का ड्रेस का कपड़ा बिक रहा है। क्योंकि रेडीमेण्ड कपड़ा जा रहा है। बहूरानी एण्ड कंपनी की भी ग्राहकी अभी ठीक है। साड़ियों व सूटों की ग्राहकी अच्छी है। पेमेंट की आवक में 15 अगस्त से सुधार होना चाहिए। रिटेलर बुकिंग अभी आगे की चल रही है। ओम श्री टेक्सटाइल्स वाले रिटेल बुकिंग करवा रहे हैं। सूटिंग-शर्टिंग की माल की डिलिवरी हो रही है, जो 15 अगस्त तक चलानी होगी। अच्छी बुकिंग है। आगे बाजार चलने की पूरी उम्मीद है, क्योंकि बाजार चलना चाहिए।

# मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी कपड़ा मण्डियां मंदी की चपेट में

मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल

बरसाती चातुर्मास, उस पर भी अधिक मास, ना ही कोई बड़ा त्यौंहार, बरसात की भरमार आदि कारणों से इन दिनों हर वर्ष हमेशा ही ग्राहकी कमज़ोर रहती है, इस बार भी यही स्थिति है। पैंट, शर्ट, साड़ी, लेडीज सूट, हैंडलूम, रेडीमेड गारमेण्ट सभी सेगमेंट में ग्राहकी कमजोर है। इस बार श्रावण मास दो होने से दुर्गा पूजा, दीपावली पूजन आदि प्रमुख त्यौंहार भी थोड़ा सा लेट होंगे। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्व श्री विनोद डाबर, हितेश डाबर, संजीव गोयल, गुलाटी जी, मनोहर लाल, अमित सिंघल के अनुमान के अनुसार कामकाज अभी कुछ समय और मध्यम रहेगा। ब्रोकर सर्व श्री पवन बत्रा, घनश्याम पालीवाल, अजीत दीक्षित, के पी त्यागी, सुदर्शन खरबंदा, लक्ष्मण रस्तौगी, अमृत राठी के अनुसार लोकल बाज़ार में अभी उठाव कम है, किन्तु निर्माताओं ने दिसावर में तथा यहां भी हैंड वर्क वालों ने नई वैरायटी, नए डिजाइन की तैयारियां जोर-शोर से आरंभ कर दी है।

## व्यापार में शून्य पेमेंट की हालत खराब

**सतना / बलराम शुक्ला...** व्यापार पिछले एक माह से लगातार मंदी के दौर से गुजर रहा है। पूरा बाजार अस्त-व्यस्त है। व्यापारी हाथ पर हाथ धरे बैठा है। मायूसी का माहौल है। इस बार कुछ ज्यादा ही मंदी है। सतना के प्रतिष्ठित व्यापारी संतोष जैन से हमने इस पर.चर्चा की तो उन्होंने इस बार मंदी का मूल कारण बताया कि इस बार सिर्फ अप्रैल चला। मई माह में लोगों को उम्मीद थी, लेकिन नहीं चला अभी भी नहीं चल रहा है क्योंकि इस बार अधिक मास है इसलिए श्रावण मास दो है। पहले सावन में ग्राहकी नहीं रहेगी लेकिन दूसरे श्रावण के महीने में अच्छी ग्राहकी रहेगी ऐसा अनुमान है क्योंकि इस महीने में धार्मिक आयोजन बहुत होते हैं। धार्मिक आयोजन होने से सभी को व्यापार मिलता है। आगे लगातार ग्राहकी रहेगी, व्यापार अच्छा रहेगा, ऐसा अनुमान है।

# डिस्काउन्ट ऑफर के बावजूद नहीं हो रही बिक्री

**उदयपुर/ नवीन कोठारी...** आलोच्य पखवाड़े से ही वस्त्र बाजार में प्रतिष्ठानों पर डिस्काउन्ट ऑफर के बैनर नजर आने लगे। उस समय माना जा रहा था कि ऑफ सीजन में डिस्काउण्ट ऑफर से ग्राहकों को आकर्षित किया जायेगा तो बचा हुआ स्टॉक क्लीयर हो जाएगा और रक्षाबन्धन पर नया स्टॉक जमा हो जाएगा किन्तु डिस्काउन्ट ऑफर बेअसर साबित हो रहा है। आमतौर पर रक्षाबंधन से पूर्व और पश्चात् इस तरह के ऑफर देकर काफी हद तक पुराना स्टॉक निकाला जाता है। फिर नए फैशन और नई वैरायटी का माल दीपावली सीजन के लिये मंगवाया जाता है। वस्त्र विक्रेताओं की माने तो इस बार दो श्रावण होने से रक्षाबंधन भी अगस्त के अन्त में है। अतः उससे भी बाजार में अभी उठाव नहीं है, जैसे-जैसे समय नजदीक आएगा, वैसे-वैसे ग्राहकी भी बढ़ेगी ।







## सदस्यता फॉर्म

टेक्सटाइल वर्ल्ड SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

AXIS BANK
Textile World
Axis bank, Bhilwara
A/c no. 911020040072253
Ifs code - UTIB0000241

कोरियर द्वारा पांच वर्ष की सदस्यता पर ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 500 |
| 2 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 72 | रू. 1000 |
| 5 वर्ष | ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री | 120 | रू. 2500 |

हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ..........

कम्पनी/फर्म का नाम : ..........

पता : ..........

..........पिन कोड नं. ..........

मोबाइल नं. ..........फोन नं. ..........

सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. .......... दिनांक .......... रु. .......... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org

JOHN CAVENDISH
*Bespoke English Fabrics*

AN IMPORTED SUIT FABRIC TRULY WORTH
WAITING FOR THIS WINTER.

THE MOST LUXURIOUS 100% GENUINE BRITISH BRAND
OF PURE WOOL & WOOL BLEND SUIT FABRICS FOR YOUR WINTER WARDROBE.
AVAILABLE FROM SEPTEMBER AT LEADING TEXTILE RETAIL STORES,
DESIGNERS & BOUTIQUES ACROSS INDIA.



The Most Luxurious Suiting for your Blazers, Jackets, Coats & Suits.
Made in Italy.
Make your Winter Wardrobe truly fashionable.

FOR TRADE ENQUIRIES:
ankour.mehta@yashcotton.com
+91-22-62756375
www.johncavendish.co.uk

## सम्पादकीय....

# देशभर में एक समान पाठ्यक्रम लागू करने के लिये ठोस कदम आवश्यक

**तकनीक** के इस दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है इसलिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया को भी तेज किया जाना चाहिए। नई शिक्षा नीति का एक बड़ा उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व को संवारना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाना है। छात्रों को उस कौशल से लैस किया जाना चाहिए जिनके बिना आज के इस तकनीकी युग में काम चलने वाला नहीं है।

नई शिक्षा नीति के लागू होने के तीन वर्ष पूरे होने पर इसका आकलन किया जाना आवश्यक है कि शिक्षा व्यवस्था में अभी तक जो सुधार किए गए हैं, वे प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं या नहीं? यह भी देखा जाना चाहिए कि जो सुधार किए गए हैं, उनसे अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो रहे हैं या नहीं? इसी तरह इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि देश भर के शिक्षा संस्थान नई शिक्षा नीति के प्रवधानों को गंभीरता के साथ लागू कर रहे हैं या नहीं? यह समीक्षा इसलिए की जानी चाहिए, क्योंकि इससे ही नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को समय रहते हासिल करने में सफलता मिलेगी। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि नई शिक्षा नीति बनने में अच्छा-खासा समय लग गया।


सरकार का यह दावा सही हो सकता है कि नई शिक्षा नीति से जुड़ी 80 प्रतिशत अनुशंसाओं पर आगे बढ़ा गया है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन अनुशंसाओं पर सही तरह अमल भी हो पा रहा है? इससे इन्कार नहीं कि कुछ बड़े और नामी शिक्षा संस्थानों ने नई शिक्षा नीति के प्रवधानों को लागू करने में तत्परता दिखाई है, लेकिन अनेक शिक्षा संस्थान अभी भी इस मामले में सुस्त और पीछे नजर आ रहे हैं। कुछ राज्य सरकारें भी नई शिक्षा नीति पर अमल के मामले में उतनी सजग नहीं, जितना उन्हें होना चाहिए। यह ठीक नहीं कि कुछ शिक्षा संस्थान और यहां तक कि विश्वविद्यालय भी अभी पुराने ढर्रे पर ही चलते दिख रहे हैं। वे ऐसी डिग्रियां बांटने में लगे हुए हैं, जिनकी उपयोगिता प्रश्नों के घेरे में है।

चूंकि तकनीक के इस दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है इसलिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार की प्रर्ि या को भी तेज किया जाना चाहिए। नई शिक्षा नीति का एक बड़ा उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व को संवारना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाना है। छात्रों को उस कौशल से लैस किया जाना चाहिए, जिनके बिना आज के इस तकनीकी युग में काम चलने वाला नहीं है। वास्तव में कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आवश्यकता केवल इसकी ही नहीं है कि पठन-पाठन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए, बल्कि इसकी भी है कि शिक्षकों को इस तरह प्रशिक्षित किया जाए, जिससे वे उन अपेक्षाओं पर खरे उतर सकें, जो नई शिक्षा नीति के माध्यम से की गई हैं।

छात्रों की मानसिकता के साथ शिक्षकों के चिंतन में भी बदलाव आना समय की मांग है। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा व्यवस्था तमाम समस्याओं से दो-चार है। आखिर देश भर के स्कूल और विश्वविद्यालय थोड़े-बहुत बदलाव के साथ एकसमान पाठ्यक्रम अपनाएं, इसके लिए ठोस उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? निःसंदेह पाठ्यक्रम में बदलाव को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कायदे से तो अब तक यह काम हो जाना चाहिए था।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# सम्मान करें अन्नदाता का, जो बोता है हर एक इंसान के लिए अपनी मेहनत



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

बारिश का मौसम आ चुका है। प्रकृति भी अपना हरियाला मनमोहक रूप लेकर प्रसन्नचित्त दिख रही है। ईश्वर बारिश के रूप में अपना वरदान जलचर, पशु-पक्षी, मनुष्य, पर्यावरण और प्रकृति के सभी जीवों को समान स्वरुप में देते हैं। किसान के लिए तो यह मौसम ही उत्सव के समान है। मेरे प्रिय मित्रों, आज मैं एक अलग विषय पर आप सबसे बात करना चाहता हूँ। हम सब जानते हैं कि हमारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री में किसानों एवं प्रकृति का कितना बड़ा योगदान है। किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। भारत की 50 प्रतिशत अर्थव्यवस्था किसानों पर निर्भर करती है। उनके प्रति हमारा भरोसा ही उन्हें प्रोत्साहित कर सकता है। हमारे सभी व्यापार भी किसान और खेत के उपकार से ही चलते हैं, व्यापार-उद्योग का मूल बीज हम किसान को कह सकते हैं। मैं आज किसान के बारे में इसलिए बात करना चाहता हूं क्योंकि वे हमारे बिज़नेस से जुड़ी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। किसान की शक्ति और आत्मविश्वास ही अर्थतंत्र की नींव को मजबूत बनाये रख सकता है।

कृषि प्रधान देश होने के कारण भारत को दुनिया में अन्नदाता के रूप में जाना जाता है। पूरी दुनिया में भारत की सराहना का श्रेय केवल हमारे किसानों को ही जाता है। किसान देश के ऐसे व्यक्ति के रूप में है, जिनकी मेहनत के कारण ही भारत को विश्व भर में कृषि प्रधान राष्ट्र की पहचान प्राप्त है। ये किसान हमारे लिए विभिन्न प्रकार की फसलों को उगाते हैं। किसान देश के हर व्यक्ति को भोजन प्रदान करते हैं। इसके लिए हम किसानों का जितना भी धन्यवाद करें, कम है। लेकिन किसानों द्वारा उपलब्ध कराये गए भोजन के इस महान कार्य की हम कभी सराहना नहीं करते हैं। हमारे हिस्से में तो सिर्फ इतना आता है कि हम इस भोजन का सम्मान करें। आजकल देख रहे हैं कि अन्न का कितना व्यय हो रहा है। यह हमारे किसानों का अपमान है, उनकी मेहनत का अपमान है।

न सिर्फ भोजन देना बल्कि हमारे उद्योग - व्यापार की सु-गति का इंजिन बनता है किसान। लगभग सभी क्षेत्रों के रॉ-मटीरियल हम खेत, उत्पादन एवं प्रकृति से ही प्राप्त करते हैं। हम ऐसा कह सकते हैं कि हमारा अन्न और धन, दोनों ही प्रकृति के आभारी है।

इसके अलावा कृषि उत्पादों का विदेशों में निर्यात भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। इस तरह से यह कहना गलत नहीं है कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। कृषि क्षेत्र देश के औद्योगिक विकास का भी आधार है। देश के अधिकांश उद्योगों को कच्चे माल की प्राप्ति कृषि क्षेत्र से ही होती है। जैसे सूती वस्त्र उद्योग, चीनी उद्योग, कॉफी, रबर, वनस्पति घी इत्यादि। इन सभी औद्योगिक वस्तुओं की उत्पत्ति कृषि क्षेत्र से ही हो पाती है।

प्रकृति और किसान का आपस में बहुत ही घनिष्ठ संबंध होता है। प्रकृति के सानिध्य और उसकी छत्रछाया में रहकर ही किसान का खेती करना संभव हो पाता है। किसानों के लिए धरती माता ही उसका आँगन होती है, आसमान उसका घर होता है और सूर्य का प्रकाश उसके लिए घर का दीपक। जिसके साथ किसान तालमेल बिठाते हुए अन्न की उपज करता है और अपने परिवार के साथ समाज और देश का पेट भरता है। आइए, ऐसे किसानों को सलाम करें।

चीर के साल में दो बार ज़मीं का सीना
दफ़्न हो जाता हूँ
गुदगुदाते हैं जो सूरज के सुनहरे नाख़ून
फिर निकल आता हूँ
अब निकलता हूँ तो इतना कि बटोरे जो कोई दामन में
दामन फट जाए
घर के जिस कोने में ले जा कर कोई रख दे मुझे
भूख वहाँ से हट जाए
फिर मुझे पीसते हैं, गूँथते हैं, सेकते हैं
गूँथने सेकने में शक्ल बदल जाती है
और हो जाती है मुश्किल पहचान
फिर भी रहता हूँ किसान
वही ख़स्ता, बद-हाल
क़र्ज़ के पंजा-ए-ख़ूनी में निढाल
इस दरांती के तुफ़ैल
कुछ है माज़ी से ग़नीमत मिरा हाल
हाल से होगा हसीं इस्तिक़बाल
उगते सूरज को ज़रा देखो तो
हो गया सारा उफ़ुक़ लालों-लाल

- कैफ़ी आज़मी

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# स्पिनिंग इकाइयों की खरीदी एवं निर्यात घटने से रूई स्थिर

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रूई में कारोबार लगातार नीरस है और इसके भाव एक तरह से स्थिर हो गए है। बावजूद रूई की मांग नहीं बढ़ रही है। देश की स्पिनिंग इकाइयों में कॉटन यार्न का उत्पादन रोक देने के कारण रूई की स्थानीय मांग घटी है। यद्यपि रूई के भाव इतने अधिक कम हो चुके हैं कि इस भाव पर स्पिनिंग इकाइयों की रूई की मांग निकलनी चाहिए थी, लेकिन जैसे रूई के भाव घट रहे हैं, वैसे स्थानीय स्तर पर मांग भी घट रही है। वहीं दूसरी ओर निर्यात में कारोबार मंदा है। उल्टे इस महीने भारत से रूई निर्यात का आंकड़ा पिछले महीने की तुलना में कम हो गया है। चीन, बांग्लादेश, वियतनाम और तुर्की की कमजोर मांग से वैश्विक स्तर पर रूई की खपत में कमी आने की संभावना है।

चालू सीजन में रूई उत्पादन कम होने का अनुमान- निर्यात घटकर कई वर्षों के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है। कॉटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल गणात्रा के अनुसार रूई का ओपनिंग स्टॉक घटकर 24 लाख गांठ रहा है। दरअसल ओपनिंग स्टॉक में भारी गिरावट के कारण रूई का भाव अक्टूबर से लेकर मई तक इंटरनेशनल भाव की तुलना में एक प्रतिशत अधिक रहा है। यह एक कारण था ही, दूसरा तो वैश्विक खरीदारों को यूएस, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील का सस्ता विकल्प मिलने से भारत से रूई की निर्यात मांग घटी है। यदि किसानों ने कपास का स्टॉक रोक कर नहीं रखा होता और बाजारों में कपास की आवक बढ़ी होती तो स्थितियां बदल सकती थी, पर ऐसा नहीं हो सका।

जानकारों का कहना है कि रूई का भाव स्थिर होने के बाद उम्मीद थी कि अब रूई का निर्यात बढ़ सकता है। कारण कि स्पिनिंग इकाईयों की कमजोर मांग के कारण पिछले एक महीने में रूई का भाव करीब 7.5 प्रतिशत तक घटा है। हाजिर बाजार में रूई के भाव प्रति खंडी 55 हजार से 56 हजार रू. के बीच है। अब बहुत अधिक गिरावट की संभावना नजर नहीं आ रही है, तथापि यदि मांग नहीं निकली और बाजारों में आपूर्ति थोड़ी बढ़ी तो कुछ गिरावट संभव है। अधिकतर लोगों का कहना है कि रूई के भाव में स्थिरता आ चुकी है। लेकिन समस्या यह है कि कॉटन यार्न की मांग नहीं बढ़ रही है और इस कारण स्पिनिंग इकाइयों ने उत्पादन रोक दिया है, जिसका असर रूई की मांग पर पड़ा है।

देश में बारिश कहीं बहुत अधिक हो रही है, तो कहीं कम है। बारिश के कारण कपास की बुवाई पर पर कितना असर होगा, इसका अनुमान अभी नहीं है। लेकिन कपास की बुवाई संबंधित मिल रही जानकारी में किसानों का रूझान कपास से कम नहीं हुआ है। गुजरात में कपास की बुवाई 26.84 लाख हेक्टेयर में की गई है। यह सामान्य की तुलना में करीब 11 प्रतिशत अधिक होने का संकेत है। यदि अधिक बारिश के कारण 10 प्रतिशत नुकसान होना मान लिया जाए तो भी पिछले वर्ष के बराबार कपास बुवाई होने का प्रारंभिक अनुमान लगाया जा रहा है। पिछले वर्ष 24.49 लाख हेक्टेयर में कपास उगाई गई थी। इस बार आशंका थी कि कपास का अपेक्षित भाव नहीं मिलने से क्षेत्रफल घट सकता है।






## Yarn Rate+GST

यार्न रेट्स 5 अगस्त, 2023

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 94141-12130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 223 |
| 2/18 Dyed | 185 |
| 2/40 Dyed | 268 |
| 2/30 Frosted | 223 |
| 2/30 Dyed Slub | 223 |
| 2/30 School Dress Clourer | 223 |

### R.T.M

PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 235 |
| 2/40 Dyed | 280 |
| 2/30 Frosted | 233 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 192 |

### SRM Spinners

Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 171 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 196 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 186 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 207 |
| 1/15 Poly Black | 138 |
| 20 PV Black | 175 |
**सूरत/** भारत संस्कृति और परम्पराओं का देश है, हम भारतीय आज भी हमारी परंपराओं का पालन करते आ रहे हैं, जो हजारों साल पहले शुरू हुई थी। हमारे पारंपरिक परिधानों में से एक साड़ी है, जो प्राचीन काल से महिलाओं का सबसे खूबसूरत पहनावा है और अब साड़ी हमारे देश का सबसे आम पहनावा है। इसी पारंपरिक परिधान को सूरत के साड़ीज निर्माता हर आम और खास महिला के लिए अलग-अलग आकर्षक तरीकों में पेश करते रहे हैं। हम यहां पर भारत में महिलाओं के सबसे पसंदीदा फैशन ब्राण्ड VIPUL का जिक्र कर रहे हैं। इसकी शुरुआत वर्ष 1974 में मशहूर उद्योगपति श्री अनिल अग्रवाल ने मुंबई से की थी। कठिन, मेहनत एवं लगन से काम करते हुए श्री अग्रवाल ने 1978 में अपने कारोबार को सूरत शिफ्ट कर आज के विश्व प्रसिद्ध VIPUL ब्राण्ड के तहत फैंसी प्रिंटेड साड़ीज के निर्माण को गति दी थी। शुरुआती दिनों में श्री अग्रवाल ने अपने व्यावसायिक कौशल एवं बुद्धिमता से कई अभिनव प्रयोग करते हुए आकर्षक डिजाइनर साड़ीज का उत्पादन जारी रखा। साड़ी निर्माण के क्षेत्र में इन्होंने कई प्रकार से नए फैब्रिक्स से इंडस्ट्री को परिचित करवाया। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारा भारत विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। हमारे यहां कई अलग-अलग प्रकार की परम्पराएँ, संस्कृतियाँ एवं त्यौहार हैं। इसके चलते भारत के हर राज्य का अलग-अलग फैशन टेस्ट होता है। VIPUL ने अपने देश की इसी विविधता को अपने विस्तार का फॉर्मूला बनाया।

VIPUL को भारत में महिलाओं के सबसे पसंदीदा ब्राण्ड बनाने के महाविशाल लक्ष्य की प्राप्ति के लिए श्री अग्रवाल ने लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप उत्पादन लेने के लिए हर दिन नये डवलपमेंट किए। हर सीजन की तैयारी उत्सव की तरह की तथा लक्षित सफलता अर्जित करने के लिए अपने उसूलों एवं सिद्धांतों का दृढ़ता के साथ पालन किया। देश की फैशन पसंद महिलाओं के लिए हर दिन कुछ नया टेस्ट देने के समर्पित भाव से काम करते हुए 50 वर्षों का स्वर्णिम सफर तय किया। VIPUL के इस सफलतम व्यवसायिक सफर में श्री अग्रवाल के युवा सुपुत्र श्री अंकुर अग्रवाल एवं श्री रजत अरोड़ा का भी अहम योगदान रहा है।

## फैंसी प्रिंटेड साड़ीज उत्पादन में सिरमौर


VIPUL ब्राण्ड के साड़ी उत्पादन में सिरमौर बनने की कहानी के सूत्रधार श्री अनिल अग्रवाल की शुरुआती दौर में ही ब्रांडिंग के प्रति जागरूकता एवं प्रॉडक्ट को आकर्षक बनाने के लिए नियमित इनोवेशन की कला से VIPUL का सृजन हुआ। श्री अग्रवाल ने ब्राण्ड प्रमोशन के लिए भी टीवी विज्ञापन से लेकर हर फैशन मैगजीन में भरपूर ब्रांडिंग की। यही नहीं, आज हम हर तरफ कैटलॉग साड़ीज का जो कल्चर देख रहे हैं, इसकी शुरुआत भी वर्ष 1992 में VIPUL हाउस से ही हुई थी। आज हर छोटी-बड़ी कंपनी इस इनोवेशन का जमकर अनुसरण कर रही है। इस तरह के कई बड़े इनोवेशंस श्री अनिल अग्रवाल द्वारा किए गए, जिसकी वजह से आज VIPUL ब्राण्ड का नाम पूरे देश में सम्मान के साथ लिया जाता है।

## डिजाइनर साड़ीज एवं लेडीज गारमेंट्स उत्पादन में अग्रणी

VIPUL ब्राण्ड की निर्माता कंपनी अयान ट्रेंड्स प्रा. लि., फैंसी साड़ीज के उत्पादन में शिखर पर है। फैंसी प्रिंटेड साड़ीज एवं डाइड वर्क साड़ीज में प्रीमियम कलेक्शन के लिए देश एवं दुनिया में मशहूर यह कंपनी कैजुअल एवं पार्टी वीयर रेंज में महारत रखती है। डेली यूज से लेकर शादी - विवाह, तीज त्योहारों, ऑफिस वीयर तक के लिए यूनिफॉर्म साड़ीज का उत्पादन कर रही है। सभी तरह की साड़ियों में नए-नए कलर, पैटर्न, डिजाइंस एवं फैब्रिक इनोवेशन्स से VIPUL ब्राण्ड आज हर आयु वर्ग की महिलाओं का पसंदीदा ब्राण्ड बन चुका है। साड़ीज सेगमेंट का काम देख रहे कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री अंकुर अग्रवाल ने कहा कि साड़ी निर्माण के प्रत्येक स्तर पर हम क्वालिटी का पूरा ध्यान रखते हैं। यार्न सलेक्शन, ग्रे निर्माण, प्रिंटिंग, डाइंग एवं प्रोसेसिंग में उच्चतम स्तर को प्राथमिकता दी जाती है। हमारे डिजाइनर्स लगातार नए-नए पैटर्न के लिए शोधरत रहते हैं। हर सीजन से पूर्व एडवांस प्लानिंग के साथ प्रॉडक्शन लेना तथा समय पर अपने व्यापारियों को माल की डिलिवरी सुनिश्चित करना हमारी व्यापारिक पॉलिसी का हिस्सा है। लेडीज फैशन में अपने इनोवेशंस को जारी रखते हुए VIPUL की ओर से लेडीज गारमेंट्स का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। गारमेंट सेगमेंट का काम देख रहे श्री रजत अरोड़ा ने बताया कि हाई क्वालिटी वैल्यू एडेड सलवार सूट, गाउंस, कुर्तीज आदि में कंपनी लगातार नए-नए उत्पाद पेश कर रही है।

## गोल्डन जुबली वर्ष का जलसा दिल्ली में...


VIPUL के 50 वर्षों की सफल व्यावसायिक यात्रा का जलसा दिल्ली में प्रस्तावित है। 21-22 अगस्त को सूरत ड्रीम्स द्वारा ग्रेटर नोएडा, दिल्ली में आयोजित की जा रही एग्जीबिशन के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में VIPUL दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। वहीं दूसरे दिन 22 अगस्त को गोल्डन जुबली समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा।





Since long back, we've seen so many Bollywood Blockbusters completing a Golden Jubilee run at the Box Office So many brands and organisations from numerous industries have successfully achieved this milestone But how often does this happen in our Textile World NOT VERY OFTEN !!
A Standing Ovation to Anil Bhai and Ankoor Bhai on the glorious and super successful completion of 50 years of VIPUL !!
We at JJ GROUP, Vishal, Vaibhav, Virat and Vashisht are proud to be a part of this 50 year journey of the Vipul Group right from the inception till today. Anil Bhai, you've always been a source of inspiration and a pleasure to be associated with.
A true SHERDIL at heart !!

## बधाई संदेश



**श्रीमान अनिल जी,** वूमन्स फैशन इंडस्ट्री में VIPUL के 50 वर्षों के सफलतम ऐतिहासिक सफर के लिए हार्दिक बधाइयाँ। एक फैशन क्रिएटर के रूप में आपने इंडस्ट्री के मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। फैंसी डिजाइनर साड़ीज में आपके द्वारा किए गए डवलपमेंट ने VIPUL को एक कामयाब ब्राण्ड के रूप में स्थापित किया है। हमारा संस्थान आपकी कंपनी के साथ विगत चार दशक से जुड़ा हुआ है। साड़ी निर्माण की समस्त कलाओं में निपुणता आपकी सबसे बड़ी खूबी है। VIPUL को भारतीय महिलाओं का पसंदीदा ब्राण्ड बनाने में आपकी प्रतिभा की अहम भूमिका है। हमने अपने स्टोर पर आपके ब्राण्ड की प्रतिवर्ष सेल में ग्रोथ दर्ज की है। ये सब आपके क्रिएशन एवं इनोवेशन का ही कमाल है। हमें VIPUL परिवार का हिस्सा बनने की खुशी है तथा आपके कुशल नेतृत्व में काम करने पर हम गर्व महसूस करते हैं।

**सुभाष चंद्र बंधु,** फर्म - सुभाष चंद्र एंड कंपनी, कानपुर



फैशन की दुनिया में प्रतिष्ठित ब्राण्ड VIPUL के 50 वर्षों के स्वर्णिम सफर के लिए हार्दिक बधाइयाँ। श्री अनिल अंकल एवं पूरे VIPUL परिवार को इस शुभ अवसर पर श्री श्याम एक्सक्लूसिव प्रा. लि., दिल्ली की तरफ से शुभकामनाएँ।

**दीपक मित्तल, रोहित मित्तल, उमेश मित्तल, सात्विक मित्तल**



**श्रीमान अनिल अग्रवाल जी,**

फैंसी साड़ीज एवं लेडीज ड्रेसेज में आपके डवलपमेंट्स कमाल के हैं। फैशन क्रिएटर के रूप में आपने हमेशा कुछ नया देने के लिए कई अभिनव प्रयोग किए, जो सार्थक सिद्ध हुए। फैंसी डिजाइनर साड़ीज के साथ साथ ड्रेस डिपार्टमेंट का काम भी निरंतर बढ़ रहा है। वूमन्स वीयर में आपके द्वारा किए गए नियमित इनोवेशन्स ही VIPUL के 50 वर्षों के सफलतम सफर का आधार बने हैं। आपकी कार्यकुशलता एवं मधुर व्यवहार से हमने अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा VIPUL का विस्तार किया है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री में आपका नाम रोशन रहे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ गोल्डन जुबली की हार्दिक बधाइयाँ!

**निहाल चन्द जैन,** सिद्धार्थ फैब टेक्स प्रा. लि., सूरत



**श्रीमान अनिल जी भाई साहब,** आपको VIPUL ब्राण्ड की 50 वर्षों की ऐतिहासिक सफलतम व्यवसाय यात्रा के लिए हार्दिक बधाइयाँ। आपने कपड़ा बाजार में हमेशा एक फैशन क्रिएटर के रूप में अग्रणी भूमिका निभाई है। फैंसी साड़ीज के उत्पादन में आप द्वारा किए गए क्रिएशंस का आज चहुंओर अनुसरण हो रहा है। आपकी क्वालिटी के प्रति सजगता, इनोवेशन एवं नए निर्माण की कला से ही VIPUL ब्राण्ड का यश एवं कीर्ति पूरी दुनिया में फैली है। आप द्वारा किए गए नित नए डवलपमेंट की वजह से आज फैशन इंडस्ट्री में VIPUL ब्राण्ड का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। गोल्डन जुबली के इस शुभ अवसर पर हमारी ओर से आपको एवं पूरे VIPUL परिवार को शुभकामनाएँ!

**शंकर वाधवानी (शंकु भाई),** फर्म - बशोमल मेघराज, सूरत



नारी और फैशन के बीच जो पुल है,
उसी का नाम विपुल है!
फैशन की दुनिया में बजता जिसका
बिगुल है, उसी का नाम विपुल है।

**श्री प्रकाश चंद सिंघवी,**
पीटेक्स, बंगलुरु



विपुल ग्रुप के एमडी श्री अनिल भाई एवं डायरेक्टर श्री अंकुर जी ने साड़ीज एवं ड्रेस के क्षेत्र में अपनी कार्यकुशलता से 50 वर्षों में नए आयाम स्थापित किए हैं। नित नये फैब्रिक का चयन कर आने वाले फैशन के अनुसार क्रियेशन करते हुए फैशन की धारा से जुड़कर प्रोडक्शन दिया है, इसी से आज यह कंपनी अभी भी यौवन पर खड़ी है। अभुतपुर्व 50 वर्ष की बधाई।

**प्रहलाद गर्ग एवं आशीष गर्ग**
महेंद्र ट्रेडर्स, इंदौर सूरत



Ayaan Trenddz Pvt. Ltd.

CORPORATE OFFICE
101 to 103, Orchid Tower,
Puna Kumbhariya Road,
Surat - 395 010. (Guj.)
Tel: +91 261 4010401

SALES OFFICE
Under Ground, Sagar Shopping
Center, Sahara Darwaja, Ring
Road, Surat - 394 230. (Guj.)
Tel: +91 261 4010401

www.vipulfashions.com


Vishal
PRINTS
VISHAL FASHIONS PVT. LTD.
vishal.prints
vishalprints
Corp. Office: Vishal House, Kamela Darwaja, Ring Road, Surat- 395 002
Tel.: +91 261 6732222 Email: vishalprints@gmail.com / Info@vishalprints.in

# फैंसी डिजाइनर लहंगे के प्रतिष्ठित निर्माता

# प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट

## वेडिंग एवं पार्टी वीयर रेंज में वाइडेस्ट कलेक्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर

**सूरत /** लेडीज फैशन के प्रमुख परिधान लहंगे का कारोबार अब बाजार में विशाल स्वरूप ले चुका है। जिस तरह के आकर्षक डिजाइनर लहंगे आजकल प्रचलन में हैं, इसका पूरा श्रेय सूरत के क्रिएटिव निर्माताओं को जाता है। हम यहां सूरत की ही डिजाइनर लहंगों की प्रमुख निर्माता कंपनी प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट की चर्चा कर रहे हैं, जो वर्ष 2008 से फैंसी डिजाइनर लहंगे का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री नरेश साचापरा ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से डिजाइनर लहंगे के निर्माण में आधुनिक अवधारणाओं का समावेश कर नित नये डवलपमेंट पेश किए, जिसके चलते प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट को वूमन्स फैशन इंडस्ट्री में नई पहचान मिली। बेहतरीन डिज़ाइनर लहंगे एवं ब्लाउज में नियमित इनोवेशन एवं क्रिएशन करते हुए प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट द्रुत गति से बाजार में प्रभाव जमाने में कामयाब रही है। श्री नरेश जी की सच्ची लगन एवं क्रिएटिव कार्यशैली इनके द्वारा तैयार अति उत्कृष्ट डिजाइंस में झलकती है।



श्री नरेश साचापरा

इंदौर फेयर



दमन एग्जीबिशन



दुबई एग्जीबिशन



**ब्राण्ड प्रमोशन...** प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट ने ब्राण्ड प्रमोशन के लिए सर्वप्रथम दमन में आयाजित बोनारो वस्त्र उत्सव एग्जीबिशन में शानदार डिस्प्ले कर व्यापारियों का दिल जीता। इसी तरह इंदौर फेयर में भी सुर्खियां बटोरी। इसके अलावा कंपनी ने एक स्कीम के तहत विगत दिनों अपने व्यापारियों को कॉरडेलिया क्रूज की भी यात्रा करवाई तथा व्यापारियों को गिफ्ट्स के रूप में टेबलेट भी प्रदान किए गए। अब बिहार में आयोजित होने जा रही एक मेगा एग्जीबिशन में कंपनी अपनी लेटेस्ट उत्पाद रेंज का डिस्प्ले करने वाली है।

**सेल्स नेटवर्क ...** लहंगे में शानदार डिजाइन, बेहतरीन फैब्रिक्स और अत्याधुनिक कॉन्सेप्ट की वजह से प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट के उत्पादों की माँग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देश-विदेश में प्रतिष्ठित लेडीज फैशन शोरूम एवं बुटीक स्टोर्स पर कंपनी के उत्पादों की अच्छी माँग रहती है।

Follow us on:
- Prabhuji0099@gmail.com
- https://prabhujihk.com/
- prabhuji0099
- Prabhuji Hare Krishna Art
- Prabhuji Hare Krishna Art
- Prabhuji Hare Krishna Art







### वेडिंग एवं पार्टी वीयर डिजाइनर लहंगों का विशाल कलेक्शन

प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट द्वारा हर आयु वर्ग की महिलाओं के लिए आकर्षक डिजाइनर लहंगे बनाए जा रहे हैं। श्री नरेश साचापरा ने बताया कि कंपनी द्वारा फैन्सी डिजाइनर लहंगा-चोली एवं डिजाइनर साड़ीज में वैवाहिक एवं पार्टी वीयर कलेक्शन में भरपूर रेंज बनाई जा रही है। हाई क्वालिटी डिजिटल प्रिण्ट फैब्रिक्स एवं वैल्यू एडीशन कंपनी के आकर्षक लहंगा निर्माण की कला को दर्शाते हैं। एथनिक वीयर के बढ़ते क्रेज में अब कलात्मक लहंगों की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी इन-हाउस नये-नये डिजाइन डवलप कर रही है। कंपनी ने नियमित रूप से डिजाइनर्स की सेवाओं के साथ-साथ टेक्नोलॉजी में बड़ा निवेश किया हुआ है। कंपनी हर सीजन की तैयारी उत्सव की तरह करती है। फैब्रिक सलेक्शन लेकर हाई वैल्यू एडीशन तक क्वालिटी वर्क पर पूरा फोकस रखती है।

*Mfg. Of All Garments & Bridal Lehenga*

**PRABHUJI HARE KRISHNA ART**

*865-866, Demolition Road, New GIDC, Old GIDC, Katargam, Surat, Gujarat 395004*
*Office : +91 99090 12302 | 99250 95200 | 98798 95200 | Naresh Sachapara +91 99090 95200*

# सूरत मण्डी की नामचीन एजेंसी

## हाई क्वालिटी फैंसी डिजाइनर साड़ीज, लहंगा एवं सूट्स की मार्केटिंग में अग्रणी

Usha TEXTILE AGENCY



श्री राजेश सिंह

सूरत/ भारत में जब वूमेन्स फैशन वीयर की चर्चा होती है तो सबसे पहले सूरत टेक्सटाइल मंडी का नाम जहन में आता है। वूमेन्स के लिए यहां पर बनने वाले खूबसूरत परिधानों के उत्पादन का जितना विशाल स्वरूप है, उतना ही यहां का विशाल मार्केट भी है। भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व की फैशन जरूरतों को पूरा कर रही सूरत मंडी की फिज़ाओं में हर तरफ फैशन का ही बोलबाला है। सबसे ज्यादा महिलाओं के पसंदीदा पहनावे फैंसी साड़ीज, सलवार सूट्स, कुर्तीज, लहंगा तथा विभिन्न तरह के वेस्टर्न आउटफिट्स का यहां पर बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। जिनकी राष्ट्रीय स्तर पर सप्लाई में सूरत के मार्केटिंग एजेंट्स की अहम भूमिका होती है। यहां पर हम ऐसी ही टेक्सटाइल मार्केटिंग फर्म उषा टेक्सटाइल एजेंसी का जिक्र कर रहे हैं, जो विगत 17 वर्षों से वूमेन्स फैशन वीयर्स की मार्केटिंग में अग्रणी पायदान पर है। एजेंसी के फाउंडर श्री राजेश सिंह ने ईमानदारी एवं पारदर्शिता से काम करते हुए स्थानीय सप्लायर्स में भरोसा कायम किया है। कठिन मेहनत एवं कुशल मार्केटिंग स्किल्स से श्री सिंह ने अपने खरीददार व्यापारियों की पसंद के अनुरूप खरीदी के लिए सूरत मंडी के टॉप फैशन ब्रांड्स एवं सप्लायर्स से अपनी एजेंसी को जोड़ा हुआ है। श्री सिंह के साथ इनके युवा सुपुत्र श्री पीयूष सिंह एवं श्री अमित सिंह एजेंसी के काम में अहम भूमिका निभा रहे हैं, इनके व्यवसाय में आने के बाद एजेंसी के कार्यक्षेत्र में भी काफी विस्तार हुआ है। अपने पिताजी से मिले अनुभव एवं निर्देशन में ये दोनों भाई पूरी शिद्दत के साथ एजेंसी से जुड़े सप्लायर्स एवं बायर्स को प्रॉम्प्ट सर्विस प्रदान कर रहे हैं।

### लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप सोर्सिंग

श्री राजेश सिंह की कुशल मार्केटिंग स्ट्रेटजी इनकी कार्यशैली में भी झलकती है। अपनी एजेंसी से जुड़े खरीददार व्यापारियों के लिए हर दिन बाजार में कुछ नया तलाशना इनकी हॉबी है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप नए-नए फैशन परिधानों की सोर्सिंग कर सर्वश्रेष्ठ उत्पाद रेंज अपने व्यापारिक चैनल में सप्लाई के ध्येय के साथ क्वालिटी एवं रेट्स का संयोजन भी बनाकर चलते हैं। श्री सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि अपने व्यापारियों के लिए मंडी में उत्पादित श्रेष्ठतम फैशनेबल परिधानों की रीजनेबल रेट्स में सप्लाई के लिए हमारी टीम समर्पित भाव से काम करती है। शुद्ध एजेंसी सिस्टम से काम करना हमारी शुरू से ही प्राथमिकता रहा है। अच्छे सप्लायर ब्राण्ड को अच्छे व्यापारी से जोड़ना, प्रॉडक्ट रेंज को व्यापारी के साथ समय-समय पर साझा करना तथा पूरी पारदर्शिता के साथ माल की सप्लाई में एजेंसी हर कदम पर अपने व्यापारी एवं सप्लायर के मध्यस्थ के रूप में अहम् भूमिका निभाती है।



श्री अमित सिंह | श्री पीयूष सिंह

### वूमेन्स फैशन वीयर के लिए समर्पित एजेंसी

उषा टेक्सटाइल एजेंसी अपने व्यापारियों की समस्त फैशन जरूरतों को पूरा करने में सक्षम मार्केटिंग फर्म है। वूमेन्स वीयर के लिए फैंसी डिजाइनर साड़ीज, सलवार सूट्स, कुर्तीज, लहंगा, गाउन्स एवं अन्य फैशन परिधानों की आपूर्ति यह एजेंसी बखूबी करवा रही है। सभी फैशन वीयर की खरीदी में एजेंसी इकोनॉमी, मीडियम एवं प्रीमियम सभी तरह की रेंज का समायोजन बनाकर काम करती है। व्यापारी की इच्छा के हिसाब से खरीदी करवाना एवं अच्छा प्रॉडक्ट वाजिब दरों में दिलवा एजेंसी की कार्यदक्षता का भी परिचायक है।

### वूमेन्स फैशन के जाने-माने ब्राण्ड्स के साथ एजेंसी के प्रगाढ़ व्यापारिक संबंध

श्री सिंह की मेहनत एवं ईमानदारी का ही ये सुपरिणाम है कि आज उषा टेक्सटाइल एजेंसी वूमेन्स फैशन जगत के जाने-माने ब्राण्ड्स के साथ प्रगाढ़ व्यापारिक संबंध स्थापित हुए है। अपने बायर्स चैनल में भी श्री सिंह का अलग ही रूतबा है। जिस क्षेत्र में ये काम करते हैं, वहां के टॉप होलसेल कपड़ा व्यापारियों को ये माल की आपूर्ति करवा रहे हैं। अपने से जुड़े हर सप्लायर एवं व्यापारी की प्रगति में ही अपनी प्रगति देखने वाले श्री सिंह पूरी जिम्मेदारी के साथ व्यापार करते हैं। सप्लायर से पूरी गारंटी के साथ माल लेना तथा समय पर उसका भुगतान करवाना इनकी व्यापारिक पॉलिसी है।

### सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क

उषा टेक्सटाइल एजेंसी का दक्षिण भारतीय राज्य आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना में सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क स्थापित है। इन राज्यों के लगभग सभी टॉप होलसेल व्यापारियों से एजेंसी का काम होता है। श्री सिंह नृ बताया कि व्यापारियों से लगातार संपर्क रखना तथा उन्हें अच्छे से अच्छा उत्पाद वाजिब दरों में दिलाना हमारा शुरू से ही मकसद रहा है, जिसके चलते व्यापारी का हम पर भरोसा बढ़ता गया और काम का विस्तार होता गया।

### सप्लायर्स एवं बायर्स के लिए सूरत ड्रीम्स अच्छा प्लेटफॉर्म

श्री राजेश सिंह ने कहा कि हर सीजन की शुरुआत अगर किसी बड़े आयोजन से हो तो फैशन का महत्व और बढ़ जाता है। सूरत ड्रीम्स की टीम भी सालों से देश में बड़ी-बड़ी एग्जीबिशन्स आयोजित करती रही है। सूरत एवं देश की अन्य मंडियों के टॉप फैशन ब्राण्ड्स का एक ही छत के नीचे डिस्प्ले करवाना अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। कपड़ा उद्योग से जुड़े निर्माताओं एवं व्यापारियों के लिए यह प्लेटफॉर्म असीम संभावनाओं के द्वार खोलता है। आगामी 6 माह के सीजन की प्लानिंग उद्यमी एवं व्यापारी यहां कर सकते हैं। फैशन में हुए नए डवलपमेंट एवं ट्रेंड्स की जानकारी प्राप्त करने का यह सरल एवं सुगम माध्यम है। सूरत ड्रीम्स द्वारा दिल्ली में आयोजित की जा रही विशाल एग्जीबिशन 'इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो' से बाजार को नई दिशा एवं गति मिलेगी।

**USHA TEXTILE AGENCY**

A Leading Textile Agency of India

Fair Dealing | Quick Services | Transparent Policy

Sales & Marketing Area:
Andhra Pradesh & Telangana

Rajesh Singh 93749 22474 | Piyush Singh 99134 49774 | Amit Singh 99132 21354

235, Lower Ground, Annapurna Textile Market, Ring Road, Surat- 395 002. Ph.: +91 261-2310687, 2363090, | Email: rajesh.singhuta@gmail.com

# हर व्यापारी को सूरत ड्रीम्स एग्जीबिशन जरूर विजिट करनी चाहिए -श्री मनु भाई



श्री मनोज खत्री (मनु भाई)

सूरत/ ''हर साल फेस्टिवल सीजन से पूर्व सूरत ड्रीम्स द्वारा आयोजित की जाने वाली इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो एग्जीबिशन में सैकड़ो सप्लायर एवं हजारों व्यापारियों का महासंगम होता है। सही मायने में देखा जाए तो इस तरह की एग्जिबिशंस व्यवसाय को एक नई दिशा प्रदान करती है। मेरा मानना है कि हर व्यापारी को सूरत ड्रीम्स की एग्जिबिशंस जरूर विजिट करनी चाहिए।'' यह विचार व्यक्त करते हुए सूरत की टॉप एजेंसीज में शुमार भावना एजेंसी के संचालक श्री मनु भाई के। श्री मनु भाई ने कहा कि दिल्ली में सूरत ड्रीम्स द्वारा प्रस्तावित 'इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो' एग्जीबिशन में एक बार फिर देश के टॉप फैशन ब्राण्ड्स एवं नामचीन व्यापारियों का महासंगम होने वाला है। इस तरह के आयोजनों से सप्लायर्स एवं व्यापारी के बीच नए व्यावसायिक रिलेशन बनते हैं। सैकड़ो सप्लायर्स हजारों व्यापारियों की उपस्थिति में अपने नए डेवलपमेंट्स की शानदार प्रस्तुति कर सकता है वही व्यापारी भी अपने संस्थान के लिए नवीनतम परिधानों की सोर्सिंग कर सकता है। नए ब्राण्ड के एक्सपोजर के लिए भी सूरत ड्रीम्स एक अच्छा प्लेटफॉर्म है।


विदित है की **भावना एजेंसी** सूरत के टॉप ब्राण्ड्स की प्रमुख मार्केटिंग एजेंसी है। श्री मनु भाई के नेतृत्व में एजेंसी द्वारा सूरत मंडी के जाने-माने फैंसी डिजाइनर साड़ीज एवं लहंगे के श्रेष्ठतम ब्राण्ड्स का काम बखूबी किया जा रहा है। अपने अमूल्य ग्राहकों को श्रेष्ठतम क्वालिटी के फैशनेबल परिधान प्रतिस्पर्धी दरों में उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ **भावना एजेंसी** विगत दो दशक से सप्लायर्स एवं वायरस की चहेती बनी हुई है। एजेंसी के कामकाज में श्री मनु भाई के सुपुत्र श्री करण खत्री एवं श्री कुणाल खत्री भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

BHAVNA AGENCY

ब्राण्डेड फैंसी साड़ीज, लहंगे एवं लेडीज गारमेंट्स की मार्केटिंग में अग्रणी एजेंसी

## प्रतिष्ठित टेक्सटाइल मार्केटिंग फर्म

# बाशोमल मेघराज



श्री हेमन्त वाधवानी



श्री शंकर वाधवानी

**सेल्स एवं मार्केटिंग-** सूरत मंडी के ब्राण्डेड साड़ी निर्माताओं से खास संपर्क रखने वाले श्री शंकर वाधवानी के अनुसार एजेंसीज के तहत लक्ष्मीपति साड़ीज, विशाल प्रिंट्स, विपुल, महोत्सव, सुभाष साड़ीज, पालव, रूपम साड़ीज आदि टॉप ब्राण्ड्स का इनकी एजेंसीज द्वारा वृहद् स्तर पर कार्य किया जा रहा है। सेल्स नेटवर्क की बात करें तो एजेंसीज के तहत महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के होलसेलर्स एवं बड़े रिटेलर्स को सूरत में निर्मित सभी तरह की ब्राण्डेड साड़ीज, लहंगे, लेडीज सूट्स, कुर्तीज एवं लेडीज गारमेंट्स की आपूर्ति करवा रहे हैं।

**सूरत ड्रीम्स व्यापार संवर्धन के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म...** श्री शंकर वाधवानी ने कहा कि सूरत ड्रीम्स टीम वूमन्स फैशन इंडस्ट्री के लिए अच्छा काम कर रही है। इसने देशभर के व्यापारियों एवं सप्लायर्स को एक मंच प्रदान किया है। खासतौर से लेडीज फैशन सेगमेंट में ये बेहतरीन इवेंट होता है, जिसका हर साल वूमन्स फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को इंतजार रहता है। हमारी तरफ से आयोजक एवं प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएँ।

**सूरत/** सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से टेक्सटाइल इंडस्ट्री में अहम पहचान बनाने में कामयाब प्रतिष्ठित टेक्सटाइल मार्केटिंग फर्म बाशोमल मेघराज का नाम स्थानीय मंडी की टॉप टेक्सटाइल एजेंसीज में शुमार है। वर्ष 1977 में स्व. श्री लेखराज वाधवानी ने कपड़ा व्यवसाय में आड़त फर्म के रूप में इसकी शुरुआत की थी। तत्कालीन समय में इन्होंने ईमानदारी एवं प्रेम व्यवहार से कपड़ा व्यवसाय में सफलता का मार्ग प्रशस्त किया। आज इस एजेंसी में इनके सुपुत्र श्री हेमन्त वाधवानी एवं श्री शंकर वाधवानी अपने पिताजी द्वारा स्थापित मूल्यों एवं संस्कारों का अनुसरण करते हुए सूरत मंडी के टॉप सप्लायर्स के उत्पादों को मित्रवत व्यवहार के साथ बाहरी मंडियों में सफलतापूर्वक सप्लाई करवा रहे हैं। मधुर व्यवहार एवं मिलनसार व्यक्तित्व की प्रतिमूर्ति श्री शंकर वाधवानी का काम के प्रति समर्पित भाव, सप्लायर्स एवं व्यापारियों के साथ प्रगाढ़ व्यापारिक संबंध एजेंसी कारोबार में निपुणता के परिचायक हैं। अपने व्यापारियों को बेहतरीन फैशनेबल उत्पाद रेंज उपलब्ध कराने के लिए ये सूरत मंडी के टॉप फैशनेबल एवं ट्रेंडी ब्राण्ड्स के साथ अपने व्यापारिक संबंध स्थापित किए हुए हैं। सुनियोजित मार्केटिंग स्ट्रेटजी एवं उत्कृष्ट उत्पाद सोर्सिंग से ये अपने व्यापारियों के दिलों में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। समय के साथ व्यापार को अपग्रेड करते हुए इन्होंने लेखराज जतिन कुमार बोल्ड से हटाओ साहिल टेक्सटाइल नामक फर्म्स की स्थापना कर काम का विस्तार किया। अभी व्यवसाय में वाधवानी परिवार में तीसरी पीढ़ी के युवा श्री विक्की वाधवानी, श्री गौरव वाधवानी एवं श्री जतिन वाधवानी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने पारिवारिक व्यवसाय को पूरी शिद्दत के साथ द्रुत गति से आगे बढ़ा रहे हैं।

Bashomal Menghraj (Since 1977)



# फैशन की दुनिया में विश्वसनीय ब्राण्ड | अजमेरा फैशन

## वुमेन्स, किड्स एवं मेन्स वीयर के लिए फैशनेबल एवं स्टाइलिश परिधानों का विशाल कलेक्शन एक ही छत के नीचे

सूरत/ टेक्सटाइल बिजनेस में सफलता पाने की इच्छा रखने वाले हर व्यक्ति के लिए अजमेरा फैशन प्रा. लि. उम्मीद की नई किरण बन कर उभरी है। कंपनी अजमेरा फैशन ब्राण्डनेम से वूमंस फैशन के लिए फैंसी डिजाइनर साड़ीज, सलवार सूट्स, लहंगे, गाउंस, कुर्तीज, वेस्टर्न आउटफिट्स सहित सभी तरह के फैशन फैब्रिक्स एवं गारमेण्ट्स एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रही है। अजमेरा फैशन के फाउण्डर एवं सीईओ श्री अजय अजमेरा की अथक मेहनत एवं व्यावसायिक कुशलता से डिजिटल होती इस दुनिया में अजमेरा फैशन प्रा. लि. वैश्विक पहचान बनाने में कामयाब रही है। वूमन्स फैशन परिधानों की मैन्यूफेक्चरिंग, एक्सपोर्ट एवं होलसेल सप्लाई के लिए कंपनी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काम कर रही है। कंपनी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से ट्रेड कर रही है। मिलनसार एवं हंसमुख स्वभाव के धनी श्री अजय अजमेरा के नेतृत्व में कंपनी की ट्रेण्ड वर्क फोर्स दुनिया के कोने-कोने तक टेक्सटाइल उत्पाद पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है। लगभग 1 लाख से अधिक लोगों को टेक्सटाइल कारोबार शुरू करवा चुकी अजमेरा फैशन प्रा. लि. हजारों महिलाएं रोजगार स्वरूप रिटेल व्यवसाय शुरू कर चुकी है। श्री अजय अजमेरा की महत्वाकांक्षी सोच के चलते महिला सशक्तिकरण के लिए भारतीय गृहिणियों को इन्होंने फ्लेक्सीबल बिजनेस मॉडल के तहत व्यापार शुरू करवाया, जो आज विशाल स्वरूप ले चुका है। अजमेरा फैशन का बिजनेस मॉडल एक आम आदमी को कपड़ा व्यापार से जोड़ने का है, बहुत ही कम इनवेस्टमेण्ट में कोई भी व्यक्ति अजमेरा फैशन से जुड़कर कपड़ों का व्यापार कर सक्षम बन सकता है। इसके अलावा श्री अजय अजमेरा एक और शानदार प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। जिसके तहत अजमेरा ट्रेण्ड्ज नाम से पूरे देश में फ्रेन्चाइजी रिटेल स्टोर्स खोले जा रहे हैं। अब तक कंपनी के दिल्ली सहित देश के अलग-अलग शहरों में 10 स्टोर शुरू हो चुके हैं। श्री अजमेरा के अनुसार इस वित्तीय वर्ष के अंत तक कंपनी द्वारा 100 फ्रेंचाइजी स्टोर्स खोलने की ठोस योजना है।




### फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन की विशेष तैयारी

'अजमेरा फैशन' ने आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन के लिए विशेष तैयारियाँ की है। फैंसी साड़ीज एवं वेडिंग परिधानों में कम्पनी ने नई स्पेशल वैरायटीज तैयार की है। फैंसी डिज़ाइनर साड़ीज में प्रिंट, एम्ब्रॉयडरी एवं डाइड साड़ीज में विशाल रेंज बनाई है, जिसकी इस समय जबरदस्त डिमांड है।

### एक ही छत के नीचे सब कुछ

"अजमेरा फैशन-सम्मान भरी सुन्दरता" द्वारा सभी तरह के फैशन परिधानों की उचित दरों में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। लेडीज फैशन के लिए फैंसी डिज़ाइनर साड़ीज (फॉर्मल, पार्टी वीयर, वेडिंग), ड्रेस मटीरियल, लहँगा, गाउन्स, ब्लाउज, पेटीकोट, क्रॉप टॉप, अंडरगारमेंट्स, बॉटम वीयर सहित सभी तरह के गारमेंट्स एवं फैब्रिक्स अजमेरा फैशन पर कॉम्पीटिटिव रेट्स में उपलब्ध है। यही नहीं, अजमेरा फैशन मेंस व किड्स वीयर परिधानों की भी बड़ी सप्लायर कंपनी है।

### बेस्ट क्वालिटी व लेटेस्ट फैशन का पर्याय अजमेरा फैशन

'अजमेरा फैशन' को एक नए दौर की कंपनी होने का गौरव प्राप्त है। डिजिटलाइजेशन के इस दौर में कंपनी अपने सभी प्रॉडक्ट्स की जानकारी यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि सोशल ऐप्स के जरिये साझा करती रहती है, वहीं ग्राहकों को कपड़े खरीदने का अनोखा एवं अनुकूल माहौल प्रदान करती है। शायद इसीलिए लेटेस्ट फैशन एवं बेस्ट क्वालिटी के परिधानों की खरीदी के लिए 'अजमेरा फैशन' पूरे भारतवर्ष में बेस्ट ऑप्शन के तौर पर देखी जाती है।

### महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर

श्री अजय अजमेरा ने हमेशा से ही महिलाओं की तरक्की को देश की तरक्की के साथ जोड़कर देखा है। उन्होंने घर बैठी महिलाओं को बिजनेस करने के लिए प्रेरित करना शुरू किया। महिलाओं को होलसेल रेट पर घर बैठे माल उपलब्ध कराने के उनके यूनिक आइडिया के कारण आज वे हजारों घरेलू महिलाओं को कपड़ा व्यापार शुरू करवाने में मदद कर चुके हैं तथा हजारों महिलाओं के रिटेल स्टोर भी खुलवा चुके हैं। श्री अजय अजमेरा भविष्य में इस संख्या को एक करोड़ तक ले जाने का विजन रखते हैं। देश की महिलाओं को कपड़ा व्यवसाय से जोड़ना एवं उन्हें सम्मान भरी सुन्दरता प्रदान करना 'अजमेरा फैशन' का मिशन है। महिला सशक्तिकरण हेतु किये गए प्रयासों के लिए श्री अजय अजमेरा को प्रसिद्ध 'चैम्पियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा पिछले एक दशक में अजय जी को कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# अजमेरा ट्रेण्ड्स...एक नई शुरुआत

अजमेरा फैशन प्रा. लि. ने फैशन की दुनिया में अजमेरा ट्रेंड्स के नाम से फ्रेंचाइजी स्टोर का आगाज किया है। वूमेन्स वीयर एंड किड्स वीयर के समस्त फैशनेबल परिधानों का विशाल कलेक्शन इन स्टोर पर उपलब्ध रहेगा। मॉडर्न लाइफस्टाइल स्टोर की समस्त सुविधाओं से परिपूर्ण इन स्टोर्स पर 'अजमेरा फैशन' लेटेस्ट प्रीमियम वस्त्रों की शानदार श्रंखला से ग्राहकों को रूबरू करा रही है। स्टोर्स पर फैंसी डिजाइनर साड़ीज में फॉर्मल, पार्टी वीयर एव कैजुअल साड़ीज, वैवाहिक एवं गर्लिश लहंगे, गाउंस, सलवार सूट, क्रॉप टॉप, कुर्तीज, लेगिंग्स सहित वूमन्स फैशन के लिए जरूरी सभी कपड़ों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किड्स वीयर के लिए भी अजमेरा ट्रेण्ड्ज भरपूर रेंज उपलब्ध करा रही है। कंपनी द्वारा अब तक दिल्ली सहित महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में फ्रेंचाइजी स्टोर्स खोले जा चुके हैं। पेश है कुछ झलकियाँ.....

### नन्दगाँव, नासिक में हुआ फ्रेंचाइजी स्टोर का उद्घाटन



महिलाओं के कपड़ों के सबसे तेजी से बढ़ रहे रिटेल चेन स्टोर अजमेरा ट्रेंड्स की लेटेस्ट फ्रेंचाइजी अब खुल चुकी है। नासिक के नन्दगाँव में अजमेरा ट्रेंड्स के इस भव्य शोरूम के उद्घाटन पर खुद अजमेरा फैशन के फाउंडर एवं सीईओ श्री अजय अजमेरा मौजूद रहे। अजमेरा ट्रेंड्स की फ्रैचाइज़ी लेने वाले श्री देवेन्द्र शेट्टी ने ग्रैंड ओपनिंग पर खुशी जाहिर करते हुए कहा "यह आधुनिक स्टोर ग्राहकों को किफायती दाम में बेहतरीन डिजाइन और गुणवत्ता के परिधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। टीम अजमेरा ट्रेंड्स से मिल रहे सहयोग से हम जल्द ही इस क्षेत्र के मोस्ट प्रेफर्ड वूमन्स एपेरल स्टोर बन जायेंगे।"

### पूर्णियां में खुला अजमेरा ट्रेंड्स का भव्य शोरूम




इंसान को तब बड़ी खुशी मिलती है जब उसकी सोच यथार्थ के धरातल पर साकार होती दिखती है! अजमेरा फैशन के फाउंडर एवं सीईओ श्री अजय अजमेरा की भी एक सोच अब साकार होकर पूरे भारत में प्रकट हो रही है। ये सोच है महिलाओं के परिधान की बेस्ट फ्रेंचाइजी 'अजमेरा ट्रेंड्स' को करोड़ों लोगों तक पहुंचाने की। हमें आपको बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि तेजी से बढ़ते इस फैशन स्टोर की श्रृंखला में एक नई कड़ी जुड़ गई है। 28 जून 2023 को बिहार के पूर्णियां जिले में अजमेरा ट्रेंड्स के भव्य शोरूम का उद्घाटन हो गया है।

### तेजी से बढ़ रही है अजमेरा ट्रेंड्स की फ्रेंचाइजी : अब आई टेकारी (गया) की बारी




बिहार के गया जिले में टेकारी नामक स्थान पर शुरू हुए इस स्टोर की ग्रैंड ओपनिंग पर अजमेरा फैशन के फाउंडर एवं सीईओ श्री अजय अजमेरा उपस्थित रहे। उन्होंने टेक्सटाइल बिजनेस में मौजूद अपार संभावनाओं के बारे में बात करते हुए अजमेरा ट्रेंड्स फ्रेंचाइजी को मिल रहे जबरदस्त रिस्पॉन्स पर खुशी जाहिर की। श्री अजमेरा ने बताया कि अजमेरा ट्रेंड्स के 10-15 स्टोर पाइपलाइन में हैं और अगले 1-2 महीनो में ये स्टोर ग्राहकों की सेवा में लग जायेंगे। टेकारी में अजमेरा ट्रेंड्स की फ्रेंचाइजी लेने वाले श्री अविनाश कुमार ने उद्घाटन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए टीम अजमेरा ट्रेंड्स की ओर से मिल रही गाइडेंस और सपोर्ट की दिल खोलकर तारीफ की। ख़ासतौर पर लोकल टेस्ट के अनुसार कपड़े सेलेक्ट करने में मिले सहयोग से वे काफी संतुष्ट हुए। टेकारी में खुले इस स्टोर में साड़ी, गाउन, सूट, लहँगा, कुर्ती, ड्रेस मटीरियल इत्यादि का विशाल कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिसे ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं।

### श्री बागेश्वर धाम सरकार द्वारा अजमेरा ट्रेण्ड्स का भव्य शुभारंभ



वूमेन्स अपेरल फ्रेंचाइजी रिटेल स्टोर 'अजमेरा ट्रेंड्स' की लेटेस्ट ब्रांच अब नौगाँव, छतरपुर, मध्य प्रदेश में खुल चुकी है। इस शानदार स्टोर का उद्घाटन गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर परम पूजनीय श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने अपने कर-कमलों से किया। इस शुभ अवसर पर अजमेरा फैशन के फाउंडर एवं सीईओ श्री अजय अजमेरा भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान छतरपुर की जनता का उत्साह देखने योग्य था। बड़ी संख्या में लोगों ने ओपनिंग में पहुँचकर इस आयोजन को बेहद सफल बना दिया। अजमेरा ट्रेंड्स की बात करें तो महिलाओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किये गए इस शोरूम में साड़ी, लहँगा, गाउन, सूट, कुर्ती, ड्रेस मटीरियल, इत्यादि परिधानों की एक से बढ़कर एक डिजाइन और रेंज उपलब्ध कराई गई है।

## फ्रेंचाइजी स्टोर ओपनिंग के लिए करें संपर्क




यदि आप भी किसी प्रॉफिटेबल बिजनेस की तलाश में हैं तो कपड़ों का बिजनेस आपके लिए एक बहुत अच्छा विकल्प हो सकता है। आने वाले कुछ सालों में सैकड़ों लोग अजमेरा ट्रेंड्स की फ्रेंचाइजी लेकर करोड़पति बनने वाले हैं, यदि आप भी इस बिजनेस में रूचि रखते हैं तो आप इस यूनिक फ्रेंचाइजी के बारे में पूरी जानकारी लेकर अपना काम शुरू कर सकते हैं। अजमेरा फैशन की टीम आपको उपलब्ध मॉडल्स के बारे में बताएगी और साथ में मिलने वाले सपोर्ट की भी पूरी जानकारी देंगे, और सबसे बड़ी बात कि आपका एक भी रुपया तब तक नहीं खर्च करायेंगे जब तक आप खुद आश्वस्त ना हो जाएं कि आप जहाँ पर यह फ्रेंचाइजी खोलना चाहते हैं, वहां आपको सफलता मिल सकती है या नहीं। इसका कंप्लीट सर्वे करने के बाद स्टोर खोलने की राय देंगे। इसलिए बेझिझक संपर्क करें और एक सफल बिजनेस के मालिक बनने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाएँ।

**फ्रेंचाइजी संबंधी हर प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए इस नंबर पर कॉल या Whatsapp करें: +91 63521 77288**

MANUFACTURER & EXPORTER : SAREES | SUITS | GOWNS | LEHENGAS | KURTIES | WESTERN DRESSES | INNERWEAR | SLEEPWEAR | MENS | BOYS & GIRLS GARMENTS

AJMERA FASHION PVT. LTD. | D-5491, 3rd Floor, Lift No. 15, Raghukul Textile Market, Ring Road, Surat- 395002, Gujarat
+91 63588 63689, www.ajmerafashion.com, info@ajmerafashion.com

FOLLOW US :

SINCE-1977

KTC

# Kesaria Textile Company

**Manufacturer | Exporter | Wholesaler**

Sarees | Lehanga | Suits | Gowns | Kurties | Dress Material | Palazzo | Blouse | Dupatta | Leggings | Mens Wear | Kids Wear



## फैशनेबल परिधानों की खरीदी के लिए श्रेष्ठ विकल्प

# केसरिया टेक्सटाइल कंपनी



श्री रितेश मोदी



श्री वत्सल जैन

**सूरत/** भारत में जब फैशनेबल परिधानों की खरीदी का विचार आता है तो सर्वप्रथम सूरत मंडी का ध्यान में आना स्वाभाविक है, क्योंकि वूमेन्स वीयर्स की सबसे बड़ी कपड़ा मंडी सूरत ही ऐसी वैश्विक मंडी है जहां से आप सभी तरह के फैशन वीयर एवं फैब्रिक्स की सोर्सिंग कर सकते हैं और इसे संभव बनाया है यहां के मेहनती एवं जुझारू टेक्सटाइल उद्यमियों ने। हम यहां पर वस्त्र उद्योग एवं व्यवसाय जगत में अपने उम्दा उत्पादन से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कंपनी केसरिया टेक्सटाइल कंपनी का जिक्र कर रहे हैं जो सूरत में फैशन फैब्रिक एवं वूमेन्स वीयर का सोर्सिंग हब माना जाता है। युवा एवं साहसी टेक्सटाइल उद्यमी श्री रितेश मोदी एवं श्री वत्सल जैन ने विरासत में मिले वस्त्र व्यवसाय को अद्भुत तरीके से आगे बढ़ाते हुए टेक्सटाइल सेक्टर में नई बिजनेस स्ट्रेटजी का सूत्रपात किया। लेडीज ड्रेसिंग की कम्पलीट रेंज एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने की इनकी सोच एवं बिक्री के लिए नए तौर तरीकों का अनुपालन केसरिया टेक्सटाइल कंपनी के लिए गेम चेंजर साबित हुए। श्री वत्सल जैन एवं श्री रितेश मोदी की युवा जोड़ी ने समय के साथ कंपनी के उत्पादन को अपग्रेड करते हुए कंपनी की पहुंच भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में सुनिश्चित की है। फैशन ओरिएंटेड उत्पादन को पूरे विश्व में पहुंचाने के लिए केसरिया टेक्सटाइल कंपनी ने डिजिटल क्रांति को आत्मसात करते हुए सोशल मीडिया को बिक्री का आधार बनाकर ऑनलाइन व्यापार शुरू किया, जिसे कंपनी ने बहुत ही कम समय में बिक्री के कीर्तिमान स्थापित कर दिये।

### वूमेंस फैशन के लिए कंपलीट रेंज

## साड़ीज, सूट्स, लहंगा, कुर्तीज, गाउंस इत्यादि एक ही छत के नीचे

केसरिया टेक्सटाइल कंपनी की विस्तृत उत्पाद रेंज में फैंसी डिजाइनर साड़ीज में हर तरह की बेशकिमती रेंज उपलब्ध है जिसमें वेडिंग, पार्टी वीयर, केज्युअल एवं फॉर्मल साड़ीज का विशाल खजाना है। डाइड साड़ीज, आर्ट सिल्क साड़ीज, प्रिण्टेड साड़ीज, टॉप डाइड साड़ीज में हजारों डिजाइंस की उपलब्धता के साथ कम्पनी डिजाइनर लहंगे, गाउंस, फैशनेबल एवं ट्रेण्डी सूट्स, लेगिंग्स, कुर्तीज, स्कर्ट, बॉटम वीयर की एक्सक्लूटिव रेंज तथा एथनिक वीयर्स में आकर्षक रेंज की सप्लाई कर रही हैं। लेडीज वियर में हजारों ग्राहकों का विश्वास जीत चुकी केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी किड्स वियर एवं मेन्स वियर के लिए भी कम्पलीट रेंज बना रही है।

### डायरेक्ट रिटेल...

केसरिया टेक्सटाइल कंपनी की सफलता की पहली सीढ़ी डायरेक्ट रिटेल कारोबार रही है। श्री रितेश मोदी बताते हैं कि हमने भारत सहित विश्व के किसी भी देश में रिटेल व्यापारियों को अपनी कंपनी के उत्पाद बेचने के लिए सत्यनिष्ठा से काम किया। जिसे हमने पूरे संजीदगी के साथ निभाते हुए फैशन वीयर्स की क्वालिटी, स्टाइल, रेट्स आदि का संयोजन बिठाकर काम किया। मॉडर्न फैशन वीयर्स की सप्लाई के लिए कंपनी के पास सशक्त एवं समर्पित सेल्स टीम है जो पूरी दुनिया में शिद्दत के साथ काम कर रही है।





FOLLOW US :

E-mail: info.kesaria@kesariatextile.com | www.kesariatextile.com | Customer Care: +91-6357239006 | Sales Executive: +91-9909048061

Visit at: Kesaria Textile Company :- B 3031-3032, 1st Floor, Millennium Textile Market-1, Ring Road, Surat, Gujarat-395